उज्जैन
रविवार
08
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-06
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दीपावली
पर्व की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई



अमिताभ बच्चन की तबीयत बिगड़ी

केबीसी की शूटिंग रोकी गई, शूटिंग रुकने की वजह पर सामने आया अलग दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अमिताभ बच्चन की सेहत को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। उनके क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग पिछले एक हफ्ते से रुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तबीयत ठीक नहीं होने के कारण मेकर्स ने नए एपिसोड की शूटिंग रोक दी है। अगले हफ्ते से शूटिंग दोबारा शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच अमिताभ ने अपने ब्लॉग में धीरे-धीरे काम और पुरानी दिनचर्या में लौटने की बात कही है। अमिताभ बच्चन कई सालों से 'कौन बनेगा करोड़पति' होस्ट कर रहे हैं। इसके जरिए वह हर सीजन में दर्शकों से जुड़ते हैं। उनकी सेहत से जुड़ी चिंताओं के चलते शो की शूटिंग पर ब्रेक लग गया है। एबीपी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, आईएएनएस से बातचीत में शो से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अमिताभ पिछले कुछ समय से अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से मेकर्स ने नए एपिसोड की शूटिंग रोक दी है। सूत्र के मुताबिक, अमिताभ की तबीयत में सुधार हुआ तो अगले हफ्ते से शूटिंग दोबारा शुरू हो सकती है। यह उनकी सेहत पर निर्भर करेगा। फिल्म 'रामायण' के प्रमोशन के लिए रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे केबीसी पहुंचे थे।

देश

- **51 हजार** दीपों से जगमगाया मां नर्मदा का पावन तट, अलौकिक दीपोत्सव का साक्षी बना संस्कारधानी जबलपुर
- **सीजेपी** के मार्च में 'लेके रहेंगे आजादी' के नारे लगे, कोच्चि में दीपके बोले- पूरे देश में तिरंगा लेकर जाऊंगा, जहां चाहें, गिरफ्तार कर लें
- **पीएम मोदी** ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं, कहा- इस बार भी जवानों के साथ त्योहार मनाऊंगा, पिछले साल आईएनएस विक्रांत पर गए थे
- **सोनिया** ने बताया, 2004 में क्यों ठुकराया था पीएम पद, बोलीं- राहुल और प्रियंका भी नहीं चाहते थे कि मैं प्रधानमंत्री बनूं
- **ग्वालियर** सीएमएचओ पर हाईकोर्ट की बड़ी कार्रवाई, 3 लाख रुपए का जुर्माना, कोर्ट बोला- 'अपील खारिज कराने की सेटिंग थी'


विदेश

- **गादी** आइजनकोट इजराइल के अगले पीएम बन सकते हैं, राष्ट्रपति ने सरकार बनाने के लिए कहा, 6 हफ्ते में संसद में बहुमत साबित करना होगा
- **न्यूजीलैंड** में सत्ता की लड़ाई बेहद करीबी, पीएम लक्सन का गठबंधन बहुमत से सिर्फ 1 सीट आगे, अभी 3% वोटों की गिनती बाकी
- **चुनाव** से पहले ईरान पर हमला करना चाहते थे नेतन्याहू, मोसाद चीफ के साथ प्लान बनाया था, ट्रम्प को भनक लगी तो हमला रुका
- ट्रम्प का फाइटिंग कंपनी चीफ को प्रवक्ता बनने का ऑफर

अवकाश सूचना

दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई। इस शुभ अवसर पर दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में 9 नवंबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 10 नवंबर 2026 को प्रकाशित होगा। **-संपादक**

कार्टून..



बंगाल में काली पूजा, पंजाब में बंदी छोड़ दिवस मनेगा, आतिशबाजी की 600 साल पुरानी परंपरा

देशभर में आज दिवाली, अयोध्या में 30 लाख दीये जले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में आज दिवाली मनाई जा रही है। अयोध्या में त्योहार की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान सरयू के घाटों पर 30 लाख दीये जलाए गए और भव्य आतिशबाजी हुई। मंदिरों में पूजन दर्शन और प्रमुख नदियों में पर्व स्नान शुरू हो गया है।

भारत में दिवाली मनाने का इतिहास 2000 साल पहले तक का मिलता है। वहीं, 600 साल से पटाखों और रॉकेट के इस्तेमाल के प्रमाण मिलते हैं।



लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त क्या है?

द्रिक पंचांग के अनुसार, लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त 08 नवंबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर रात 7 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। इस समय स्थिर लग्न वृषभ काल भी मौजूद रहेगा। जिसमें मां लक्ष्मी की पूजा करना बहुत ही शुभ और फलदायी रहेगा।

- **लक्ष्मी पूजा मुहूर्त** : शाम 05: 54 से 07:50 बजे
- **प्रदोष काल** - शाम 05:31 से 08:09 बजे
- **वृषभ काल** - शाम 05:54 से 07:50 बजे
- **निशिता काल**- रात 11:39 से 12:31
- **सिंह लग्न** - सुबह 12:25 से 02:42

गृहस्थों के लिए दिवाली की रात को प्रदोषकाल और स्थिर लग्न मुहूर्त में महालक्ष्मी पूजन सबसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। वहीं निशिथ काल मुहूर्त तांत्रिक पूजा और काली पूजा के लिए सबसे उत्तम माना जाता है।

284 शहरों में प्रदूषण का कहर

बल्लभगढ़ सबसे जहरीला और दिल्ली पांचवें स्थान पर, कई शहरों में सांस लेना हुआ मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में सर्दियों की शुरूआत के साथ वायु प्रदूषण का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की सात नवंबर की दैनिक वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, देश के 284 शहरों में हरियाणा का बल्लभगढ़ सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली का औसत एक्यूआई 369 रहा, जिसके साथ वह देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर रही। सिरसा, गजरौला और पंचगांव जैसे शहरों में भी प्रदूषण खतरनाक स्तर के करीब पहुंच गया है। हवा में सूक्ष्म धूलकणों की बढ़ती मात्रा ने लोगों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

सीपीसीबी के सात नवंबर के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा के बल्लभगढ़ में एक्यूआई 409 दर्ज किया गया। यह देश के निगरानी में शामिल 284 शहरों में सबसे अधिक रहा। गंभीर श्रेणी की वायु गुणवत्ता में स्वस्थ व्यक्तियों को भी श्वसन संबंधी परेशानी हो सकती है, जबकि पहले से सांस और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए जोखिम और बढ़ जाता है। दूसरे स्थान पर हरियाणा का सिरसा रहा, जहां एक्यूआई 383 दर्ज हुआ। गजरौला में वायु गुणवत्ता सूचकांक 382 और पंचगांव में 377 रहा। इन शहरों की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई।



दिल्ली में एक्यूआई 369, मामूली सुधार के बावजूद हवा बेहद खराब

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सात नवंबर को आधिकारिक दैनिक एक्यूआई 369 दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले छह नवंबर को यह 382 था। इस प्रकार 24 घंटे में 13 अंकों का सुधार हुआ, लेकिन हवा की गुणवत्ता अब भी बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। तीन नवंबर को दिल्ली का एक्यूआई 350 दर्ज किया गया था। इसके बाद प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सात नवंबर का आंकड़ा तीन नवंबर के बाद सबसे कम रहा, हालांकि इससे स्थिति सामान्य होने का संकेत नहीं मिलता। शनिवार रात नौ बजे दिल्ली का घंटेवार एक्यूआई 368 दर्ज हुआ। यह भी बेहद खराब श्रेणी में था। दिन के आधिकारिक औसत और रात के घंटेवार आंकड़े में मामूली अंतर से स्पष्ट है कि प्रदूषण का दबाव बना हुआ था।

बहादुरगढ़ से गुरुग्राम तक प्रदूषण का व्यापक असर

- दिल्ली के आसपास के शहरों में भी हवा की स्थिति चिंताजनक रही। हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक्यूआई 364 दर्ज किया गया, जबकि खोड़ा में यह 352 रहा। गुरुग्राम में एक्यूआई 345 दर्ज हुआ। इन सभी स्थानों की हवा बेहद खराब श्रेणी में रही।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर भी कई शहर प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझते दिखाई दिए। बिलाईपदा में एक्यूआई 350 और अनपरा में 345 दर्ज किया गया। इस तरह देश के दस सर्वाधिक प्रदूषित स्थानों में कई औद्योगिक और शहरी क्षेत्र शामिल रहे।
- हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार अलग-अलग शहरों की एक्यूआई रैंकिंग की तुलना करते समय सावधानी जरूरी है। किसी शहर का औसत आंकड़ा एक निगरानी केंद्र पर आधारित हो सकता है, जबकि दिल्ली जैसे महानगरों में दर्जनों केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग किया जाता है।
- दिल्ली के 59 रिपोर्टिंग निगरानी केंद्रों के पिछले 24 घंटे के प्रदूषण आंकड़ों में पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक के रूप में सामने आया। अधिकांश केंद्रों पर सूक्ष्म कणों का प्रभाव सबसे अधिक रहा, जबकि शेष केंद्रों पर पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक पाया गया।
- पीएम 2.5 के प्रदूषक-विशिष्ट सूचकांक का मध्य मान 386 दर्ज हुआ, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। अलग-अलग केंद्रों पर इसका न्यूनतम स्तर 63 और अधिकतम 439 रहा। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रदूषण की तीव्रता में बड़ा अंतर मौजूद है।

पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता

डोनी बल गैंग का सरगना इथियोपिया से भारत लाया गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

करीब 10 महीने तक चले अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन के बाद डोन बल गैंग के सरगना को इथियोपिया से डिपोर्ट करवाने में सफलता मिली है। पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोनी बाल-प्रभ दासूवाल गैंग के सरगना गुरविंदर उर्फ अफरीदी को इथियोपिया से डिपोर्ट किया है। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से 10 महीने तक चले अंतरराष्ट्रीय अभियान के बाद उसे भारत वापस लाने में सफलता हासिल की।

यह कार्रवाई एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस की ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्राडिशन सेल के साथ मिलकर की। इस अभियान में केंद्रीय एजेंसियों का भी सहयोग रहा। प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी विदेश में बैठकर पंजाब में टारगेट किलिंग, फिरौती के लिए फायरिंग और अन्य संगठित आपराधिक गतिविधियों को कथित तौर पर अंजाम दिलवा रहा था। जांच एजेंसियों को आशंका है कि वह विदेश से ही गैंग की गतिविधियों को संचालित कर रहा था।

पंजाब पुलिस ने घोषित किया था पांच लाख रुपये का इनाम

पंजाब सरकार ने आरोपी की गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले के लिए पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। करीब 10 महीने तक चली अंतरराष्ट्रीय तलाश के बाद उसे इथियोपिया से डिपोर्ट कराया गया। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस विदेश में बैठकर आपराधिक गतिविधियां संचालित करने वाले गैंगस्टरों और उनके नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अफरीदी की डिपोर्टेशन को इसी अभियान के तहत अहम कार्रवाई माना जा रहा है।

जापान में रात 1 बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप

22 घायल, इस महीने तीसरा बड़ा भूकंप अगले हफ्ते तक तेज झटकों की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोक्यो

जापान में शनिवार की रात 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कम से कम 22 लोग घायल हो गए। कई दुकानों के शीशे टूट गए। भूकंप के तेज झटकों से लोग घरों और इमारतों से बाहर निकलकर भागने लगे। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र शिजुओका प्रांत में जमीन के 40 किमी नीचे था, जबकि सबसे तेज झटके आइची प्रांत में महसूस किए गए। यह महीने जापान में आया तीसरा तेज भूकंप है। इससे 1 नवंबर को 6 तीव्रता और 7 नवंबर को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने लोगों को अगले एक हफ्ते तक भूकंप को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। एजेंसी के मुताबिक, खासकर अगले 2 से 3 दिनों में तेज झटके आ सकते हैं। भूकंप के बाद प्रभावित इलाकों में शिंकानसेन बुलेट ट्रेनों की रफ्तार कम कर दी गई। रेलवे ने एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया।

आज भी खुलेगा बाजार: एक घंटे के विशेष सत्र में होगी मुहूर्त ट्रेडिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिवाली के अवसर पर रविवार, 8 नवंबर को भारतीय शेयर बाजार में मुहूर्त ट्रेडिंग का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। एनएसई और बीएसई पर दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक कारोबार होगा। इससे पहले प्री-ओपनिंग सत्र 2:05 से 2:20 बजे तक चलेगा, जबकि ब्लॉक डील विंडो 1:50 बजे खुलेगी।

दिवाली के अवसर पर आज भारतीय शेयर बाजार में पारंपरिक मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में रविवार को भी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर एक घंटे



के एक विशेष सत्र में कारोबारी होगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुहूर्त ट्रेडिंग दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक होगी। हालांकि 8 नवंबर नियमित रूप से साप्ताहिक अवकाश का दिन है, लेकिन दिवाली लक्ष्मी पूजन के अवसर पर विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित करने की परंपरा को जारी रखा जाएगा।

बता दें कि शेयर बाजार में मुहूर्त ट्रेडिंग को बेहद शुभ माना जाता है। यह केवल एक विशेष कारोबारी सत्र नहीं, बल्कि हिंदू नववर्ष की शुरूआत का प्रतीक भी है। इसी कारण बड़ी संख्या में निवेशक इस दौरान सांकेतिक तौर पर शेयर खरीदते हैं और नए निवेश की शुरूआत करते हैं। मान्यता है कि लक्ष्मी पूजन के दिन किया गया निवेश आने वाले वर्ष में समृद्धि और शुभ फल प्रदान करता है।





महाकाल श्रृंगार



भस्म रमाकर निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दिए दर्शन

अपनेतक

त्योहार की रौनक में दूसरों के रास्ते न रोकें!

दीपावली का पर्व सबके लिए खुशियां और व्यापार के अवसर लेकर आता है। इन दिनों स्थायी दुकानदारों से लेकर फुटकर व्यापारियों तक, हर किसी की उम्मीदें बाजार से जुड़ी होती हैं। ऐसे में व्यापार करने का अधिकार सबको है, लेकिन किसी एक के व्यापार की कीमत दूसरे के व्यापार और आम जनता की परेशानी बन जाए, यह उचित नहीं है।

फ्रीगंज की गलियों में अस्थायी दुकानदारों द्वारा सड़कों पर जरूरत से ज्यादा जगह घेर लेने से आवागमन बाधित हो रहा है। राहगीरों और वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ रहा है, वहीं सालभर दुकान का किराया और टैक्स चुकाने वाले स्थायी व्यापारियों के सामने भी ग्राहकों को दुकान तक पहुंचाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

सवाल फुटकर व्यापारियों को हटाने का नहीं, बल्कि सबके लिए समान अवसर और व्यवस्थित व्यवस्था बनाने का है। त्योहार किसी एक वर्ग का नहीं, पूरे बाजार का होता है। प्रशासन और नगर निगम को अस्थायी दुकानों के लिए सीमाएं निर्धारित करनी चाहिए, ताकि किसी का रोजगार प्रभावित न हो और आम नागरिकों का रास्ता भी न रुके। व्यापार की आजादी जरूरी है, लेकिन सार्वजनिक रास्तों पर किसी का एकाधिकार नहीं। त्योहार की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब बाजार में रौनक के साथ व्यवस्था भी कायम रहे।

नलखेडा बगलामुखी मंदिर में शीतकाल में बदलेगी व्यवस्था

उज्जैन । आगर मालवा जिला अंतर्गत मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा ने शीतकाल प्रारम्भ होने पर परम्परा अनुसार मां बगलामुखी मंदिर की दर्शन एवं हवन व्यवस्था में परिवर्तन किया है । शीत काल के दौरान शाम को होने वाली संध्या आरती आधा घंटा पूर्व 7 बजे होगी। इसके चलते यहां किए जाने वाले हवन का स्लाट शाम 6-7 बजे नहीं होगा। मंदिर प्रबंध समिति के सचिव एवं तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव के अनुसार सायं में हवन स्लॉट समय अनुसार 5 से 6 अंतिम रहेगा। संध्या आरती के पश्चात हवन पुवार्नुसार संचालित रहेंगे। प्रातः कपाट खुलने का समय 5:30 बजे पर यथावत रहेगा । मंगला आरती समय प्रातः 6 बजे यथावत रहेगी । संध्या आरती आधा घंटा पूर्व सायं 7 बजे रहेगी । रात्रि में मंदिर के कपाट बंद होनें का समय आधा घंटा पूर्व रात्रि 9 बजे रहेगा । परंपरा अनुसार इसका पालन सोमवार 9 नवंबर से किया जाएगा।

सफाई मित्रों और जरूरतमंदों के साथ मनाई सार्थक दीपावली

उज्जैन। शहर में 11 वर्षों से मनाई जा रही सार्थक दीपावली के तहत इस बार नगर निगम के कचरा संग्रहकताओं और जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर पर्व मनाया गया। सालभर घर-घर से कचरा उठाने वाले सफाई मित्रों के सम्मान में एक दिन समर्पित करते हुए अमीरी-गरीबी का फर्क मिटाने और सामूहिकता का संदेश देने का प्रयास किया गया। यह आयोजन उत्तरमुखी हनुमान परिवार, रणकेश्वर धाम परिवार, महाकालेश्वर पुजारी यश गुरु मित्र मंडली और राम रथ तीर्थ यात्रा परिवार ने संयुक्त रूप से किया। समिति सदस्यों ने असहाय परिवारों और सफाई मित्रों के घरों पर दीपक लगाकर प्रकाश किया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को मिठाई, पटाखे, नमकीन, दीपक और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण भी किया गया।

विशेष एहतियात के तहत उज्जैन की सेंट्रल जेल भैरवगढ़ की उंची दीवारों की फेंसिंग में करंट छोड़ा

भैरवगढ सहित खाचरौद एवं अन्य जेलों में दीवार फांदने के मामले पूर्व में हुए हैं

2016 की दीपावली को भोपाल में हुए मामले पर बरती जा रही है विशेष सतर्कता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अंग्रेजो के जमाने की भैरवगढ सेंट्रल जेल में दीपावली पर विशेष एहतियात के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था में परिंदा भी पर मारने में असहाय रहेगा। सुरक्षा के तहत जेल की बडी दीवारों के उपर लगी आधुनिक फेंसिंग में रात के समय करंट छोडने का काम किया जा रहा है। पूर्व में दीवार फांदने के कुछ मामलों के बाद यहां आधुनिक फेंसिंग लगी है जिसमें करंट के तार लगे हैं।

जेल अधीक्षक मनोज साहु के अनुसार आधुनिक साधनों के साथ हाईटेक तरीके भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके तहत जेल के बाहरी क्षेत्र एवं आंतरिक क्षेत्र के सीसी टीवी कैमरा डोम कैमरा का कंट्रोल रूम से वाच किया जा रहा है। सतत रूप से दिन एवं रात्रि में गश्त जारी है। जेल कर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।

बकौल श्री साहूजेल में वर्तमान में संवेदनशील स्तर के करीब 20 ऐसे कैदी हैं जो खतरनाक की गिनती में हैं और इन पर सतत निगरानी की जाती है। अन्य कैदियों एवं बंदियों से उन्हें अलग ही रखा जाता है। इसी प्रकार से लगभग 20 ऐसे कैदी हैं जिनका शेष प्राकृतिक जीवन जेल में ही बीतना है। एक कैदी फांसी की सजा का है। जेल की 75 बैरक में इन्हें रखा जा रहा है। जेल की करीब 12-14 फीट उंची दीवारों के उपर आधुनिक फेंसिंग लगी हुई है। रात्रि के समय में सुरक्षा के तहत इसमें करंट का प्रवाह छोडा जाता है। श्री साहू का कहना है कि जेल के अंदर ही नहीं जेल की बाहरी चार दिवारी और कालोनी में भी सतत गश्त की जा रही है। इसके साथ ही जेल के 75 बैरक क्षेत्र में विशेष एहतियात बरती जाकर रात्रि गश्त में जेलर,डिप्टी जेलर स्तर के अधिकारियों की डयूटी अल्टरनेट लगाई जा रही है। यहां तक की रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। इन निरीक्षणों में रात्रि गश्त ,चार दिवारी एवं बाहरी चार दिवारी गश्त को जांचा जा रहा है।

2016 में दीपावली पर प्रदेश में हुआ था मामला-

जेल मुख्यालय ने प्रदेश की सभी जेलों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश दिए हैं और कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। जेल महानिदेशक ने 7 से 9 नवंबर के बीच पड़ने वाले धनतेरस, दीपावली और भाईदूज को देखते हुए एक दिन पहले से सतर्क रहने को कहा है। निर्देश के मुताबिक रातभर कम से कम एक वरिष्ठ अधिकारी जेल परिसर में मौजूद रहेगा और सुरक्षा की निगरानी करेगा। जेल अधीक्षक और उप अधीक्षक भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। महानिदेशक ने त्योहार खत्म होने के बाद भी सतर्कता बनाए रखने के लिए कहा है। भोपाल सेंट्रल जेल से 31 अक्टूबर 2016 को दीपावली की रात 8 सिमी आतंकी फरार हो गए थे। वे जेल की दीवार फांदकर भागे थे और भागने से पहले उन्होंने एक प्रधान आरक्षक की हत्या की थी। भोपाल के बाहरी इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ में सभी आतंकियों को मार गिराया था। इस घटना के बाद से हर साल विशेष सतर्कता बरती जाती है।

गश्त में इंसास एवं थ्री नाट थ्री का उपयोग-

जेल अधीक्षक मनोज साहु बताते हैं कि जेल के प्रहरी एवं संतरियों को हथियार प्रदान किए गए हैं। इनमें इंसास स्तर के हथियार शामिल हैं। मुलाकातियों की जांच की जा रही है। जेल खुफिया विभाग को अलर्ट रखा जा रहा है। रात्रि के समय में भैरवगढ थाना पुलिस की गश्त के साथ एफआरवी भी जेल के आसपास ही सतत रूप से चक्कर लगाती है। जेल में लगभग ढाई हजार से अधिक कैदी एवं बंदी वर्तमान में हैं। जेल में अंडा सेल भी है जो संवेदनशील कैदी नियंत्रणहीन आचरण करते हैं उन्हें ऐसे अवसरों पर इन सेलों में बंद किया जाता है। जेल मेन्यूअल के तहत ही ये कार्रवाई की जाती है। दीपावली पर प्रति वर्ष एहतियाती स्तर पर इस प्रकार की कार्रवाई करना होता है।

डोंबिवली नागरी बैंक में दीपावली उत्सव के साथ ग्राहकों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड की उज्जैन शाखा में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जहां भगवान की आराधना की गई, वहीं ग्राहकों को नई बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी केएन शर्मा और मिलिंद पन्हालकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन की शुरूआत मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना व आरती के साथ हुई। इसके बाद शाखा प्रबंधक सारंग देशपांडे और सहायक शाखा प्रबंधक विवेक सिंह ने अतिथियों तथा ग्राहकों का आत्मीय स्वागत किया। आयोजन के दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताते हुए ग्राहकों को सतर्क किया कि वे अपना ओटीपी, एटीएम पिन और बैंकिंग से जुड़ी कोई भी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के साथ दिवाली की शुरूआत

पुजारी परिवार की महिलाओं-बच्चों ने लगाया उबटन बाबा को कराए अभ्यंग स्नान, अन्नकूट का भोग लगा

महाकाल मंदिर में त्योहार सबसे पहले मनाने की परंपरा रही



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश में दिवाली की शुरूआत श्री महाकालेश्वर मंदिर में हुई। यहां रविवार सुबह भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का अभ्यंग स्नान कराया गया। पुजारी परिवार की महिलाओं और बच्चों ने बाबा को उबटन लगाया, वहीं पुजारियों ने गर्म जल से स्नान कराया। इसके बाद भगवान को अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया।

दीपावली के अवसर पर मंदिर की परंपरा के अनुसार आरती के दौरान फुलझड़ी जलाकर उत्सव की शुरूआत की गई। मंदिर में दिवाली पर होने वाली चारों आरतियों में फुलझड़ी जलाने की परंपरा है। इसमें प्रातःकालीन भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के बाद होने वाली आरती, संध्या आरती और शयन आरती शामिल हैं। प्रत्येक आरती में एक-एक फुलझड़ी जलाई जाएगी।

महाकाल मंदिर में त्योहार सबसे पहले मनाने की परंपरा रही है। दीपावली पर भी धार्मिक विधि-विधान के साथ बाबा महाकाल के पूजन और अभ्यंग स्नान से पर्व का शुभारंभ हुआ। पंडित अमर डब्बेवाला ने बताया कि पंचांग की गणना के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर इस बार आयुष्मान योग रहेगा। अमावस्या के प्रदोष काल में माता लक्ष्मी के प्राकट्य की मान्यता है। इस दिन माता लक्ष्मी के पंचोपचार या षोडशोपचार पूजन के साथ गणपति और मां सरस्वती की संयुक्त पूजा का विधान भी शास्त्रों में बताया गया है। तीनों देवताओं का पूजन करने से बुद्धि, सिद्धि, विद्या, धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

दोपहर 11:30 बजे के बाद लगेगी अमावस्या

पंडित अमर डब्बेवाला के अनुसार 8 नवंबर को सुबह 11:30 बजे के बाद अमावस्या तिथि शुरू होगी, जो दिनभर रहेगी। अमावस्या के प्रदोष काल में माता लक्ष्मी के पूजन की मान्यता और परंपरा है। महानिशा, महालक्ष्मी आराधना और आत्मज्योति का महापर्व दीपावली इस बार रविवार को मनाया जाएगा। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस बार दीपावली पर बुधादित्य योग रहेगा। मान्यता के अनुसार माता महालक्ष्मी गज वाहन पर सवार होकर आएंगी।

नीति बनीं स्ट्रॉन्ग वुमन और आदित्य स्ट्रॉन्गमैन

प्रदेश में पहली बार अधिवक्ताओं के लिए बेंच प्रेस व बॉडी शो



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अधिवक्ता क्रीड़ा उत्थान एवं कल्याण संघ की ओर से प्रथम अधिवक्ता ट्रॉफी-2026 के तहत बेंच प्रेस प्रतियोगिता और बॉडी शो का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश में अधिवक्ताओं के लिए पहली बार हुए इस अनूठे खेल आयोजन में जूनियर, सीनियर, मास्टर्स सहित महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसमें कानून की लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं ने अपनी ताकत, हौसले और जज्बे का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

महिला वर्ग में एडवोकेट नीति आचार्य सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्ट्रॉन्ग वुमन का खिताब अपने नाम किया। वहीं एडवोकेट निशा व्यास, एडवोकेट ममता और एडवोकेट कल्पना जैन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में आदित्य चौहान ने स्ट्रॉन्गमैन का खिताब जीता। बेंच प्रेस स्पर्धा में एडवोकेट अफजाल खान और यादवेंद्र व्यास ने अपने-अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मोहित शर्मा, अली शहनवाज और लक्की व्यास भी अपने-अपने वेट ग्रुप में पहले स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजेश भारती ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेश परमार और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश भाटी थे। विशेष अतिथि के रूप में गुरुसांदीपनि कॉलेज के चेयरमैन अनंत नारायण मीणा, पूर्व शहर अध्यक्ष व स्टेट बार काउंसिल सदस्य संदीप मेहता तथा बार एसोसिएशन अध्यक्ष ओम सारवान उपस्थित रहे।

आज मनेगा दीपोत्सव, सोमवार को रहेगी सोमवती अमावस्या

मंगलवार को गोवर्धन पूजा और बुधवार को मनेगी भाईदूज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अंधकार से प्रकाश और अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला महापर्व दीपावली आज 8 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन मां लक्ष्मी की आराधना कर घर-आंगन में सुख-समृद्धि की मंगलकामना की जाएगी। बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति एवं पारंपरिक तीर्थ पुरोहित ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास के अनुसार, दीपावली केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना के संचार का पर्व है। पं. व्यास ने बताया कि कार्तिक मास की अमावस्या तिथि रविवार सुबह 10.29 बजे से प्रारंभ होगी, जो सोमवार 9 नवंबर को दोपहर 12.33 बजे तक रहेगी। रविवार को प्रदोष काल में अमावस्या होने से 8 नवंबर को ही सम्पूर्ण भारत में दीपोत्सव मनाया जाएगा। वहीं, सोमवार को सोमवती अमावस्या होने से पितृ कार्य 9 नवंबर को किए जाएंगे।

चौघड़िया और लग्न के अनुसार यह रहेंगे शुभ मुहूर्त- दीपोत्सव पर चौघड़िया के अनुसार सुबह 11.29 से दोपहर 12.10 बजे तक अमृत, दोपहर 1.34 से 2.57 बजे तक शुभ, शाम 5.45 से 7.21 बजे तक शुभ, शाम 7.22 से रात 8.58 बजे तक अमृत और रात 8.59 से 10.34 बजे तक चल चौघड़िया रहेगा। पूजन के लिए शाम 6.02 से रात 8.00 बजे तक का समय अति विशेष रहेगा।

लग्न के अनुसार दुकान, फैक्ट्री, स्कूल, कॉलेज और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पूजा के लिए सुबह 11.39 से दोपहर 1.26 बजे तक मकर, शाम 4.30 से 6.10 बजे तक मेष और रात 10.23 से 12.39 बजे तक कर्क लग्न शुभ रहेगा। इसी तरह घर एवं अन्य प्रतिष्ठानों के लिए दोपहर 1.26 से 2.59 बजे तक कुंभ, शाम 6.10 से रात 8.09 बजे तक वृषभ और मध्य रात्रि 12.39 से 2.51 बजे तक सिंह लग्न का मुहूर्त रहेगा।

गादी उठाने का मुहूर्त और आगामी पर्व

दीपावली पूजा के बाद गादी उठाने का शुभ मुहूर्त कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा यानी मंगलवार 10 नवंबर को सुबह 10.47 से दोपहर 12.10 बजे तक रहेगा। इसके अलावा 10 नवंबर मंगलवार को सुहाग पड़वा व गोवर्धन पूजा, 11 नवंबर बुधवार को भाईदूज और 14 नवंबर शनिवार को लाभ पंचमी का पर्व मनाया जाएगा।

साल भर कचरा उठाने वाले सफाई मित्रों और जरूरतमंदों के साथ मनाई सार्थक दीपावली

उज्जैन। शहर में विगत 11 वर्ष से मनाई जा रही सार्थक दीपावली के अंतर्गत इस वर्ष नगर निगम के कचरा संग्रहकताओं और गरीब असहाय परिवारों के बीच जाकर पर्व मनाया गया। जो सफाई मित्र साल भर लोगों के घरों से कचरा उठाते हैं, उनके सम्मान में एक दिन समर्पित कर अमीरी-गरीबी का फर्क मिटाने और सामूहिकता का संदेश दिया गया। श्री उत्तरमुखी हनुमान परिवार, श्री रणकेश्वर धाम परिवार, महाकालेश्वर पुजारी यश गुरु मित्र मंडली एवं श्री राम रथ तीर्थ यात्रा परिवार द्वारा संयुक्त रूप से यह आयोजन किया गया। समिति सदस्यों ने असहाय लोगों और सफाई मित्रों के घरों पर दीपक लगाकर प्रकाश किया। आयोजन के दौरान सभी जरूरतमंदों को मिठाई, पटाखे, नमकीन, दीपक और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया गया।

4 घंटे चले अनुष्ठान में विश्व शांति और समृद्धि के लिए डाली आहुतियां

दीपावली की पूर्व बेला पर खाराकुआं जैन मंदिर में श्री घंटाकर्ण महावीर का 11 कुंडीय हवन अनुष्ठान, सैकड़ो समाजजन हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



दीपावली की पूर्व बेला चतुर्दशी पर शनिवार सुबह 9 बजे से खाराकुआं स्थित श्री सिद्धचक्र केसरियानाथ तीर्थ खाराकुआं पर अधिष्ठायक देव श्री घंटाकर्ण महावीर का 12 कुंडीय हवन अनुष्ठान शास्त्रोक्त विधान से हुआ। इसमें विश्व कल्याण एवं समस्त प्राणियों की सुख-समृद्धि, आरोग्यता के लिए हजारों आहुतियां डाली गयी। श्री जैन श्वेतांबर (छोटे साथ) युवा संघ द्वारा आयोजित इस हवन एवं महापूजन कार्यक्रम में सैकड़ों समाजजन शामिल हुए। इसमें उपस्थित भक्त सुमधुर भक्ति गीतों पर झूम उठे। युवा संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया एवं युवा संघ अध्यक्ष श्रीपाल रजावत के अनुसार आयोजन का यह आठवां वर्ष है। इस दौरान घंटाकर्ण महावीर को पगड़ी धारण करवाकर श्रृंगारित किया गया। विभिन्न द्रव्य, फल, नैवेद्य अर्पित कर विशिष्ट सामग्री आहुति में डाली गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सांसद अनिल जी फिरोजिया, एमआईसी मेंबर रजत मेहता, एमपीसीडीए अध्यक्ष गौतमचंद धीन्ग, सन्देश तल्लेरा,अनूप जैन आदि शामिल हुए। हवन की मुख्य पीठिका के लाभार्थी अनिल कुमार, राहुल, आकाश, जितेन्द्र शेखावत एवं दो सह पीठिका

लाभार्थी राजेंद्र रजत कोठारी एवं पारस जी, महावीर, ग्रन्थ कटारिया परिवार है। हवन पूजन में शामिल लोगों को श्री घंटाकर्ण महावीर का ध्वज मंत्रों द्वारा पूजित कर प्रदान किया जायेगा। इस दौरान समाज के जयंतीलाल जैन तेलवाला, नरेंद्र जैन दलाल, संजय पावेचा, संजय जैन खलीवाला, संजय कँवर, धर्मेंद्र जैन अमित भंसाली, प्रदीप नाहर, यश जैन, राजेश कटारिया, ललित रजावत, मनीष कटारिया, मंगलेश कटकानी, विवेक नाहर, पारुल नाहर,मोनू जैन,सचिन बोहरा, स्वर्णिक कोठारी आदि उपस्थित रहे। लाभार्थियों का स्मृति चिन्ह, शॉल श्रीफल भेंट कर बहुमान किया।विधिकारक बृजेश श्रीश्रीमाल, सुजानमल रजावत के आचार्यत्व में चंद्रेश जैन व तनिष्क मारू ने विधि विधान से हवन संपन्न कराया।

5 करोड़ की साइबर ठगी मामले में उज्जैन के दंपति पर सिंगरौली कोर्ट में परिवाद पेश

मैक रिकॉन फर्म के खाते से धोखाधड़ी, देशभर में 45 से अधिक मुकदमे लंबित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंगरौली स्थित एक फर्म के खाते का उपयोग कर पांच करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में उज्जैन निवासी दंपति विजया हरेल और उनके पति प्रदीप हरेल के खिलाफ सिंगरौली के बैढ़न न्यायालय में परिवाद पेश किया गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस महानिदेशक भोपाल को भी आवेदन दिया है।

सिंगरौली निवासी संजीव कुमार सिंह, भोपाल निवासी निशिकांत मिश्रा और उज्जैन निवासी विजया हरेल ने मिलकर सिंगरौली में मैक रिकॉन नामक पार्टनरशिप फर्म बनाई थी। पीड़ित संजीव कुमार सिंह के अनुसार विजया हरेल और उनके पति प्रदीप हरेल ने ऑनलाइन ठगों के साथ मिलकर फर्म के चालू खाते में बिना पूर्व सूचना के लेनदेन कर 45 लोगों से पांच करोड़ रुपये की हेराफेरी की। न्यायालय में पेश दस्तावेजों के अनुसार यह राशि 13 से 16 अगस्त 2025 के बीच आरटीजीएस के माध्यम से जमा हुई और लगभग 165 अन्य खातों में आईएमपीएस द्वारा ट्रांसफर कर दी गई। इस साइबर ठगी में रेवाड़ी हरियाणा निवासी अजीत सिंह, कानपुर निवासी अनिल कुमार सिंह और हैदराबाद निवासी कल्पना भी शामिल हैं।

संजीव कुमार सिंह का आरोप है कि प्रतिवादी दंपति मूल रूप से उज्जैन के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर संजीव के खिलाफ उज्जैन में झूठी एफआईआर दर्ज करा दी है। वर्तमान में संजीव कुमार सिंह को उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ से 7 दिसंबर 2026 तक जमानत मिली हुई है। तबियत नाजुक होने और जमानत अवधि समाप्त होने के खतरे को देखते हुए संजीव ने बैढ़न कोर्ट में शीघ्र सुनवाई कर अपने कथन दर्ज करने का आवेदन दिया है। आरोपी प्रदीप हरेल के खिलाफ सिंगरौली के विंध्यनगर थाने में भी वाहन धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज है। पुलिस एफआईआर के अनुसार प्रदीप हरेल ने फरियादी सुशील कुमार सिंह की टाटा सफारी गाड़ी मैक रिकॉन कंपनी में किराये पर लगाने का झांसा देकर ले ली थी, लेकिन अप्रैल 2024 के बाद से न तो गाड़ी लौटाई और न ही उसका किराया चुकाया।

उज्जैन
रविवार
08
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

मूर्खाः यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दाम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता॥

अर्थः जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है।

खबर एक नजर...

एमडी ड्रग्स के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार, कार से 28.85 ग्राम बरामद

इंदौर। नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की। कार में सवार मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू और फिरोज को गिरफ्तार किया गया। वहीं, क्राइम ब्रांच ने 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को पकड़ा है। खजराना पुलिस ने भी ड्रग्स सप्लाई के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक, गंगवाल बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान एक क्रेटा कार को रोककर तलाशी ली गई। इसमें मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू निवासी छिपा बाखल, मल्हारगंज और फिरोज निवासी खजराना कांकड़, एमआईजी सवार थे। तलाशी में उनके कब्जे से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस को आरोपियों के सिंडिकेट बनाकर ड्रग्स की खरीद-फरोख्त करने की जानकारी मिली है। उनका मुख्य ठिकाना एमआईजी क्षेत्र में बताया जा रहा है। अब पुलिस सप्लायर, खरीदार और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि मोहम्मद अफजल के खिलाफ पहले से 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले भी शामिल हैं। वहीं, फिरोज के खिलाफ दो आपराधिक केस दर्ज हैं।

इंदौर में ब्राउन शुगर तस्कर 'संजय दत्त' गिरफ्तार

इंदौर। ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार देर रात विशाल उर्फ संजय दत्त को गिरफ्तार किया है। 21 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, वह ब्राउन शुगर की तस्करी और सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। खास बात यह है कि आरोपी के खिलाफ पहले से मारपीट, अड़ीबाजी और लूट जैसे आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, 4 नवंबर को टीम ने राजकुमार सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर मनोज उर्फ मन्नू वर्मा (25) को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 15 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई थी। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपए बताई गई थी। इस मामले में अपराध क्रमांक 0183/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में केस दर्ज किया गया था। मनोज से पूछताछ और मामले की जांच के दौरान पुलिस को विशाल उर्फ संजय दत्त बुंदेला की भूमिका का पता चला। वह निरंजनपुर नई बस्ती का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 भी बढ़ाई गई है।

संघ प्रमुख ने आचार्य सुनील सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

इंदौर। नेमीनगर जैन कॉलोनी में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा से जुड़ा विशेष आयोजन हुआ। इस दौरान शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आचार्य सुनील सागर महाराज के दर्शन करने पहुंचे। भागवत ने गुरुदेव से आशीर्वाद लिया और श्रद्धापूर्वक उनका पाद प्रक्षालन किया। आचार्यश्री के सान्निध्य में धर्म, अध्यात्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रजीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद भी हुआ। इस अवसर का प्रमुख आकर्षण आचार्य सुनील सागर महाराज को ह्यभारत गौरवह्ण उपाधि से अलंकृत किया गया। उनके तप, त्याग, साधना, धर्म प्रभावना और समाज को दिए जा रहे आध्यात्मिक मार्गदर्शन के सम्मान में यह उपाधि प्रदान की गई। डॉ. भागवत की उपस्थिति में हुए सम्मान समारोह ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। आचार्यश्री और डॉ. भागवत के बीच हुई चर्चा में आत्मकल्याण, नैतिकता, संस्कार, सामाजिक समरसता और समाज को सन्मार्ग की दिशा देने में आध्यात्मिक चेतना की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। धर्म और समाज के आपसी संबंधों के साथ भारतीय संस्कृति के मूल्यों तथा राष्ट्रजीवन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर भी विचार साझा किए गए।

साले ने जीजा के सीने में घोंपा चाकू मौत, लव मैरिज से था नाराज

इंदौर। खुड़ैल थाना इलाके में बहन की लव मैरिज से नाराज 16 वर्षीय नाबालिग ने अपने जीजा की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार देर रात नीलगिरी परिसर में हुई। युवक अपनी बड़ी सास के निधन पर आयोजित गमी के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। गुरुवार को इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपक (22) पिता गोपाल निवासी बरोठा, देवास के रूप में हुई है। उसने करीब दो साल पहले गांव की युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद युवती के परिजनों ने कुछ समय तक दोनों से दूरी बना ली थी और बातचीत भी बंद कर दी थी। हालांकि, बाद में परिवार के बीच फिर से मेलजोल शुरू हो गया था। इसके बाद दीपक का ससुराल आना-जाना होने लगा था।

डॉक्टरों ने दी सलाह, पटाखे जलाते समय आंखों, त्वचा और सांस की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें

चिंगारी और बारूद का छोटा टुकड़ा छीन सकता है आंखों की रोशनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



दीपावली पर घर रोशन करने की तैयारी है। बाजारों में रौनक है और बच्चों से लेकर बड़ों तक में पटाखे फोड़ने का उत्साह है। लेकिन खुशियों के इस त्योहार में जरा-सी लापरवाही जिंदगी भर का दर्द दे सकती है। पटाखों से निकला बारूद, पत्थर या धातु का टुकड़ा आंखों की रोशनी छीन सकता है, वहीं चिंगारी त्वचा को गंभीर रूप से झुलसा सकती है।

चिंता की बात यह है कि आंख में गंभीर चोट लगने के बावजूद कई बार शुरूआत में दर्द या परेशानी महसूस नहीं होती। ऐसे में चोट को मामूली समझकर इलाज में देरी करना नुकसानदायक हो सकता है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पटाखे जलाते समय आंखों, त्वचा और सांस की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।

सुतली बम के धमाके से निकला 18 एमएम का टुकड़ा आंख में घुसा- वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के दौरान पटाखों से आंखों में मामूली जलन से लेकर गंभीर चोट तक के मामले सामने आते हैं। बच्चे उत्साह में कई बार पटाखे एक-दूसरे की ओर फेंक देते हैं या उनके ऊपर डिब्बे और दूसरी चीजें रखकर फोड़ने की कोशिश करते हैं। यह बेहद खतरनाक है। उन्होंने बताया कि एक बच्चे ने सुतली बम के ऊपर डिब्बा रखकर उसे फोड़ा था। धमाके से निकला करीब 18 एमएम का टुकड़ा आंख में बेहद छोटे छेद से अंदर चला गया। शुरूआत में बच्चे को ज्यादा परेशानी महसूस नहीं हुई, इसलिए परिजन तत्काल अस्पताल नहीं पहुंचे। करीब तीन दिन बाद उसे जांच के लिए लाया गया। डॉ. अग्रवाल के मुताबिक, आंख पर चोट का निशान छोटा होना या शुरूआत में दर्द न होना इस बात की गारंटी नहीं है कि नुकसान भी मामूली है।

जलने पर 20 मिनट तक ठंडे बहते पानी से दें राहत- डॉ. पंचोली के अनुसार, पटाखे की चिंगारी से त्वचा जल जाए तो सबसे पहले प्रभावित हिस्से को साफ, ठंडे बहते पानी के नीचे करीब 20 मिनट तक रखें। जले हुए हिस्से पर टूथपेस्ट, घी, तेल, बर्फ या घरेलू क्रीम न लगाएं। गंभीर जलने पर तुरंत चिकित्सकीय मदद लें।

दिवाली से पहले नया ब्यूटी प्रोडक्ट न आजमाएं- डॉ. पंचोली ने त्योहार के दौरान त्वचा की देखभाल को लेकर भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि दीपावली से ठीक पहले कोई नया मेकअप प्रोडक्ट या केमिकल ट्रीटमेंट ट्राई करने से बचना चाहिए।

कॉटन के कपड़े पहनें, खुले बालों में न करें आतिशबाजी

डमेटीलॉजिस्ट डॉ. संजय पंचोली ने बताया कि पटाखे जलाते समय उनसे पर्याप्त दूरी बनाए रखना जरूरी है। दीपावली पर सूती यानी कॉटन के कपड़े पहनें और सिंथेटिक कपड़ों से बचें। आग लगने पर सिंथेटिक कपड़े त्वचा से चिपक सकते हैं, जिससे जलने की चोट गंभीर हो सकती है। महिलाएं पूजा और आतिशबाजी के दौरान बाल खुले न रखें। दीये या पटाखों की चिंगारी से खुले बालों में आग लग सकती है। बालों को बांधकर रखें और बच्चों को कभी अकेले पटाखे न जलाने दें। उन्हें हर समय किसी बड़े की निगरानी में रखें।

धूल और बारूद के महीन कण भी पहुंचा सकते हैं आंखों को नुकसान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रक्षित अग्रवाल ने बताया कि हर साल दीपावली पर पटाखों से आंखों में चोट लगने के मामले सामने आते हैं। इसकी चपेट में बच्चे ही नहीं, बड़े भी आते हैं। पटाखे जलाते समय आंखों की सुरक्षा के लिए प्रोटेक्टिव सेफ्टी गॉगल्स पहनने चाहिए। ये पारदर्शी चश्मे आंखों के सामने के साथ किनारों को भी कवर करते हैं। केवल पटाखे जलाने वाले ही नहीं, बल्कि आसपास खड़े होकर आतिशबाजी देखने वालों को भी इनका इस्तेमाल करना चाहिए। पटाखों के धुएं से आंखों में जलन, खुजली और एलर्जी हो सकती है। वहीं धमाके के साथ उड़ने वाले पत्थर, रेत और बारूद के महीन कण कॉर्निया, लेंस और रेटिना तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

चौकीदार से विवाद के बाद पुलिसकर्मी को धमकी, भाजपा पार्षद का है समर्थक

बैच और बिल्ला उतरवाने में 5 मिनट लगेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





इंदौर में पुलिसकर्मी को बैच-बिल्ला उतरवाने की धमकी देने वाले युवक सूरज शर्मा के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

इसमें सूरज कॉन्स्टेबल श्रवण से बहस करते हुए कहता सुनाई दे रहा है- 'मेरी बात सुनना, यह बैच और बिल्ला उतारने में पांच मिनट लगेंगे, सारी गर्मी उतर जाएगी।' सूरज को द्वारकापुरी क्षेत्र के भाजपा पार्षद राकेश जैन का समर्थक बताया जा रहा है।

फेरी लगाकर चौकीदारी करने वाले से विवाद- कॉन्स्टेबल श्रवण के मुताबिक, रामप्रसाद शिकायत लेकर थाने आया था। वह साइकिल लेकर गली-गली घूमता है और सीटी बजाकर लोगों को बुलाता है। रामप्रसाद ने बताया कि इसी दौरान सूरज वहां आया और उससे पूछने लगा कि किसके यहां चौकीदारी करते हो। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई। रामप्रसाद की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस के सामने भी विवाद करता रहा सूरज- वीडियो में सूरज कॉन्स्टेबल श्रवण से ऊंची आवाज में बात करता नजर आ रहा है। वह बार-बार अपनी बात सुनने के लिए कहता है। इस पर पुलिसकर्मी उसे सम्मान से बात करने की समझाइश देता है। वह कहता है- 'तू-तू मत कर, कोई भी हो। आराम से बात करो, थाने चलो, वहीं बात करेंगे।'

इसके बाद सूरज बैच-बिल्ला उतरवाने की धमकी देते हुए कहता है कि इसमें पांच मिनट लगेंगे और सारी गर्मी उतर जाएगी। वीडियो में वह अपने पास कैमरे लगे होने की बात भी कहता सुनाई देता है। मौके पर मौजूद रामप्रसाद भी अपनी समस्या बताने की कोशिश करता है, लेकिन सूरज उसे बीच में ही रोक देता है।

एक साल पहले पड़ोसी को धमकाया था

सूरज शर्मा से जुड़ा एक पुराना मामला भी सामने आया है। करीब एक साल पहले एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने पड़ोसी को पिस्टल दिखाकर धमकाने के आरोप में उसके खिलाफ केस दर्ज कराई थी। हालांकि, बाद में जांच में जिस हथियार को पिस्टल बताया गया था, वह लाइटर निकला था।

थाना प्रभारी बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई

द्वारकापुरी थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

धार-टीही के बीच 130 किमी की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में धार से टीही के बीच शुक्रवार का दिन अहम रहा। कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) ई. श्रीनिवास ने इस सेक्शन के 47 किलोमीटर हिस्से में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन का स्पीड ट्रायल किया।

करीब एक घंटे से अधिक समय तक चले ट्रायल में ट्रेन की अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटे रखी गई, जबकि टीही की 3 किलोमीटर लंबी सुरंग में 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन दौड़ाई गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रायल सफल रहा है। अब सीआरएस की रिपोर्ट, क्लीयरेंस के बाद इस सेक्शन पर ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ होगा।

टनल का हिस्सा सबसे खास- इस सेक्शन में टीही टनल का हिस्सा सबसे खास है। यहां केवल ट्रैक की स्थिति नहीं, बल्कि टनल के भीतर रेल परिचालन से जुड़े सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई। रेलवे की योजना के अनुसार क्लीयरेंस मिलने के बाद पहले इस सेक्शन पर मालगाड़ियां चलाई जाएंगी।

इंदौर में 15 नवंबर को है शो

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में 4 गानों पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के इंदौर में 15 नवंबर को होने वाले कॉन्सर्ट पर फिर विवाद खड़ा हो गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने मॉल प्रबंधन को नोटिस जारी कर 4 गाने नहीं गाने के निर्देश दिए हैं।



इनमें पटियाला पैग, 5 तारा ठेके, जीब विचो फीम लब्बीया और जट्ट उत्थे फायर करदा शामिल हैं। विभाग के मुताबिक, इनमें शराब और हथियारों का जिक्र है, जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है। शो में 5 साल से बड़े बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा। कार्रवाई चंडीगढ़ के डॉ. पंडितराव धारेनावर की शिकायत पर हुई है। इससे पहले नगर निगम ने 2024 के कॉन्सर्ट का करीब 2 करोड़ रुपए मनोरंजन कर बकाया होने पर नए शो की अनुमति रोक दी थी। हालांकि, बाद में मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि पुराने आयोजकों से वसूली अलग होगी।

पटाखों का अवैध कारोबार पकड़ाः 6 थाना क्षेत्रों में पुलिस की दबिश

इंदौर में 10 लाख रुपए से ज्यादा का स्टॉक जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



दीपावली से पहले शहर में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री का मामला सामने आया है। घनी आबादी वाले इलाकों में बिना लाइसेंस बड़ी मात्रा में आतिशबाजी का सामान जमा किया जा रहा था।

सूचना मिलने पर पुलिस ने छह थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई कर अलग-अलग ठिकानों से 10 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत क्राइम ब्रांच और संबंधित थानों की टीमों ने विजयनगर, लसूड़िया, एरोड्रम, परदेशीपुरा, खजराना और हीरानगर थाना क्षेत्रों में दबिश दी। जांच में सामने आया कि कुछ लोग बिना वैध लाइसेंस के पटाखे बेच रहे थे, जबकि कुछ ने रिहायशी इलाकों में आतिशबाजी का सामान जमा कर रखा था। पुलिस ने इन ठिकानों से पटाखों का स्टॉक जब्त किया। जब्त सामग्री की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई गई है।

घनी आबादी में भंडारण से आगजनी और विस्फोट का खतरा


क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी सामग्री रखना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। ऐसी जगहों पर आग लगने या विस्फोट होने की स्थिति में आसपास के मकानों और लोगों को भी नुकसान पहुंच सकता है। बिना बिक्री लाइसेंस पटाखे बेचने और अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

कार्बाइड गन और पटाखों पर भी पुलिस की नजर- पुलिस अब कार्बाइड गन, कार्बाइड लैंप और कार्बाइड से बने पटाखों की बिक्री और अवैध इस्तेमाल पर भी निगरानी रख रही है। अधिकारियों के मुताबिक, त्योहार के दौरान अवैध विस्फोटक सामग्री की बिक्री और भंडारण रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा।

निर्माणाधीन ब्रिज के पास ट्रक से टकराई बाइक, 4 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

धनतेरस पर नई बुलेट खरीदकर लौट रहे युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





धनतेरस पर नई मोटरसाइकिल खरीदकर घर लौट रहे 25 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक के साथ बाइक पर उसका साला भी बैठा था, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों अहमदाबाद-इंदौर हाईवे पर अमझेरा फाटे के पास निर्माणाधीन ब्रिज से गुजर रहे थे। परिजन का आरोप है कि निर्माण कार्य के चलते सड़क का रास्ता बदला गया था, लेकिन वहां सड़क परिवर्तन का स्पष्ट संकेतक नहीं होने से बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गए।

मृतक की पहचान ननसू पिता मंगलिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी कुंदनपुर, पोस्ट राणापुर के रूप में हुई है। वह परिवार की आपत्ति के बावजूद धनतेरस पर इंदौर से नई बुलेट खरीदने आया था। घर लौटते समय हादसा हुआ। बाइक पर साला मुकेश भी सवार था, जिसे गंभीर चोट आई है। परिवार को क्या पता था कि त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल जाएंगी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया। ननसू के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया गया। हादसे के बाद निर्माणाधीन ब्रिज पर यातायात व्यवस्था और सड़क परिवर्तन के संकेतों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

ट्रक से टकराई बाइक, साला गंभीर घायल

रास्ते में अमझेरा फाटे के पास अहमदाबाद-इंदौर हाईवे पर ब्रिज निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान आगे एक ट्रक चल रहा था और ननसू अपनी बुलेट लेकर उसके पीछे था। निर्माणाधीन ब्रिज के पास सड़क परिवर्तन को लेकर पर्याप्त संकेत नहीं होने के कारण उसे आगे के रास्ते का अंदाजा नहीं लग पाया। इसी दौरान बाइक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि ननसू की जान चली गई, जबकि मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया ननसू की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा है। धनतेरस के त्योहार पर जिस नई बुलेट को लेकर वह खुशी-खुशी घर लौट रहा था, वही सफर परिवार के लिए जिंदगीभर का दर्द बन गया।

खबर एक नजर...

तेज रफ्तार बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

ग्वालियर। ग्वालियर के घाटीगांव थाना क्षेत्र में शनिवार शाम आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे (शिवपुरी लिंक रोड) पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से 58 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। नत्थी लाल जैन सड़क पार कर चाय पीने के लिए होटल जा रहे थे, तभी शिवपुरी की ओर से आ रही बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर, सीने और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घायल बुजुर्ग ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक बस लेकर ग्वालियर की ओर भाग निकला। पीछे से आ रहे बाइक सवार कुबेर बघेल ने बस का पीछा कर उसका नंबर नोट कर लिया। इसी आधार पर पुलिस बस की पहचान कर चालक की तलाश में जुटी है। फरियादी मदनलाल जैन के मुताबिक, उनके बड़े भाई नत्थी लाल जैन (58) शनिवार शाम करीब 5:30 बजे घर के सामने स्थित देवनारायण होटल पर चाय पीने जा रहे थे। वे हाइवे पार कर सड़क की दूसरी ओर जा रहे थे, तभी शिवपुरी की तरफ से आ रही बस क्रमांक टढ 07 ऊ8805 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक बस लेकर ग्वालियर की ओर भाग गया।

51 हजार दीपों से जगमगाया मां नर्मदा का पावन तट

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर ने एक बार फिर अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत परिचय देते हुए मां नर्मदा के पावन तट गौरीघाट पर आयोजित दीपोत्सव जबलपुर 2026 के माध्यम से इतिहास के स्वर्णिम पलों को साकार किया।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित इस भव्य एवं दिव्य दीपोत्सव में गौरीघाट के सभी तट 51 हजार दीपों की रोशनी से जगमगा उठे। मां नर्मदा के तट पर प्रज्वलित हजारों दीपों की सुनहरी आभा, शंख ध्वनि, मंत्रोच्चार, मां नर्मदा अष्टक, महाआरती, आकर्षक लेजर शो और सनातनी थीम पर आधारित आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। दीपोत्सव के समापन के बाद रंग-बिरंगी और गगनचुंबी आतिशबाजी ने पूरे आयोजन में चार चांद लगा दिए। 15 मिनट से अधिक समय तक चली मनमोहक आतिशबाजी से आकाश जगमगा उठा। मां नर्मदा के तट पर दीपों की जगमगाहट और आसमान में आतिशबाजी का अद्भुत दृश्य उपस्थित हजारों लोगों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

पन्ना के कुंवरपुर में जुआ खेलते 7 लोग गिरफ्तार

पन्ना। पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर में शनिवार, 7 नवंबर को पुलिस ने जुआ खेलते 7 लोगों को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से 35,300 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, थाना प्रभारी संतोष सिंह यादव के नेतृत्व में टीम ने गांव में दबिश दी। मौके पर जुआ खेल रहे सात लोगों को पकड़ा गया। सभी के खिलाफ अजयगढ़ थाने में जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्जू पाल (40), अमित उर्फ लंकेश तिवारी (28), मुकेश साहू (35), कालीचरण पाल (30), उमाशंकर पाल (29), दीपक साहू (25) और टिंकू उर्फ नूतन मिश्रा (32) को गिरफ्तार किया है। सभी ग्राम कुंवरपुर, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना के निवासी हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी संतोष सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अशोक कुमार और गोविंद सिंह, आरक्षक भूपाल सिंह, अमित यादव, रोहित मिश्रा, महेंद्र चढ़ार, राजकरण साहू और मनोज पटेल शामिल थे।

हरियाली पर आरी:शहर के बीच 5 एकड़ में हरियाली उजाड़कर बनेगा राजस्व का दफ्तर

भोपाल। शहर के बीचोबीच स्थित भोपाल कोर्ट के सामने करीब 5 एकड़ में फैली हरियाली खत्म कर राजस्व विभाग का नया दफ्तर बनाने का काम शुरू हो चुका है। करीब 53 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस भवन का निर्माण लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने यह काम सब-लीज पर बीएंडडी बिल्डकॉन एलएलपी को सौंप दिया है। योजना के मुताबिक, सितंबर 2028 तक यहां राजस्व विभाग का नया कार्यालय बनकर तैयार होना है। इसके लिए दो ब्लॉक बनाए जाएंगे। इनमें एक जी-प्लस-6 और दूसरा जी-प्लस-5 मंजिला होगा।

रास्ता रोककर हमला किया, 3 लोग घायल

गुना। झागर चौकी क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में रास्ता रोककर डंडे से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फरियादी अशोक कुशवाह निवासी गढ़ा ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर की रात 8:30 बजे वह प्रदीप शर्मा की बाइक पर बैठकर जा रहा था। बाइक पार्थ शर्मा चला रहा था। ठाकुर बाबा स्थान के पास महेंद्र गुर्जर ने रास्ता रोककर प्रदीप पर शराब पकड़वाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महेंद्र ने डंडे से अशोक के दाहिने हाथ पर हमला किया और बाइक में धक्का मारकर गिरा दिया।

मिलावटखोरों को राहत, 14 दिन के बजाय 7 महीने में आ रही जांच रिपोर्ट

हाई कोर्ट को दिखाने के लिए कागजी लैब...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

हाई कोर्ट के सख्त आदेश के बाद इंदौर और जबलपुर में राज्य सरकार ने फूड टेस्टिंग लैब तो शुरू कर दीं, लेकिन यहां केवल ड्रग्स (दवाइयों) के सैंपल टेस्ट हो रहे हैं। खाद्य पदार्थों के सैंपल की जांच के लिए एनएबीएल की मान्यता इन लैब को अब तक नहीं मिली है। इसके बावजूद कोर्ट को दिखाने के लिए भोपाल की एकमात्र चालू लैब से आधा तकनीकी अमला इंदौर और जबलपुर भेज दिया। नतीजतन प्रदेशभर से आने वाले सैंपल की जांच का भार भोपाल लैब पर है। लेकिन वहां अमला आधा रहने से सैंपल रिपोर्ट 14 दिन के बजाय 7-7 महीने में जारी हो रही है। वहीं, सैंपल रिपोर्ट देरी से मिलने की वजह से जहां दूषित सामग्री जनता के पेट में जा चुकी होती है। वहीं लैब केमिस्ट द्वारा जांच पूरी करने के बाद भी एनालिस्ट महीनों तक रिपोर्ट पर दस्तखत नहीं करते, जिससे केस कानूनी खामियों के आधार पर अदालतों से खारिज होने पर मिलावटखोर बरी हो रहे हैं।



पांच महीने में भेजी रिपोर्ट कोर्ट ने कर दिया दोषमुक्त

अजब सिंह सिकरवार जौरा के यहां से 6 अक्टूबर 2019 को दूध का सैंपल लिया। 14 अक्टूबर को भोपाल लैब पहुंचा और 9 जनवरी 2020 को जांच पूरी हुई। लेकिन एनालिस्ट ने रिपोर्ट पर साइन करने में 5 महीने लगा दिए। रिपोर्ट 18 जून 2020 को भेजी, जिसे कोर्ट ने प्रक्रियात्मक त्रुटि माना। आरोपी बरी हो गया।

हरेंद्र सिंह की शिकारपुर डेयरी से 4 अगस्त 2019 को सैंपल लिए गए। लैब ने 29 अगस्त को जांच पूरी कर ली, लेकिन एनालिस्ट ने 27 सितंबर को जांच रिपोर्ट पर दस्तखत किए।

इंदौर की लैब को जल्द मिलेगी एनएबीएल की मान्यता

इंदौर लैब को जल्द ही एनएबीएल मान्यता मिल जाएगी। वर्तमान में इंदौर-जबलपुर में ड्रग्स सैंपल की जांच हो रही है, इसलिए वहां एनालिस्ट भेजे गए हैं। पेंडेंसी दूर करने के लिए 10 प्राइवेट लैब्स की भी मदद ली जा रही है।

-मनोज पुष्प, ड्रग कंट्रोलर, मध्य प्रदेश

भोपाल लैब में सिर्फ दो एनालिस्ट और 7 केमिस्ट

नवंबर 2023 में इंदौर और साल 2022 में जबलपुर में लैब का लोकार्पण कर दिया, लेकिन एनएबीएल लाइसेंस न होने से वहां फूड टेस्टिंग ठप है। इंदौर-जबलपुर लैब ह्यचालूह्ल दिखाने 2 फूड एनालिस्ट और 3 केमिस्ट वहां ट्रांसफर कर दिए। इससे भोपाल लैब में सिर्फ 2 एनालिस्ट और 7 कैमिस्ट के ऊपर जांच का भार है। मध्यप्रदेश में जबलपुर-इंदौर की दो सरकारी लैब में सैंपल जांच न होने से रिपोर्ट की पेंडेंसी बढ़ती जा रही थी। इसलिए विभाग ने इंदौर और भोपाल की 10 प्राइवेट लैब्स को सैंपल टेस्टिंग का ठेका दिया है। इससे सरकारी खजाने पर करोड़ों रुपये का वित्तीय बोझ तो बढ़ रहा है, लेकिन रिपोर्ट मिलने की समय-सीमा में कोई सुधार नहीं हुआ।

ट्रक की टक्कर से सीमेंट फैक्ट्री कर्मचारी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैहर

मैहर जिले में एनएच-30 पर सीमेंट फैक्ट्री के पास शनिवार रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कर्मचारी नरेंद्र द्विवेदी (30) की मौत हो गई। वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। नरेंद्र पिछले 8 साल से फैक्ट्री में ठेकेदार के अधीन काम कर रहा था। हादसे के बाद परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। नरेंद्र द्विवेदी, पिता रामनरेश द्विवेदी, सतना जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के कोठी गांव का रहने वाला था। शनिवार रात ड्यूटी खत्म होने के बाद वह बाइक से फैक्ट्री से निकला था। ठल्ह-30 पर पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

हादसे की सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे एंबुलेंस और डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। नरेंद्र को सिविल अस्पताल मैहर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मचुर्री में रखवाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन, कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी और ग्रामीण सिविल अस्पताल पहुंचे। नरेंद्र के बड़े पिता नारायण द्विवेदी ने बताया कि वह परिवार में अकेला कमाने वाला था। परिवार के पांच सदस्यों की जिम्मेदारी उसी पर थी। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से परिवार को मुआवजा देने और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है।

जंगली हाथी को ट्रैंकुलाइज कर बांधवगढ़ ले जाएंगे

10 दिन से वन विभाग को छका रहा; चार कुमकी हाथी और 150 वनकर्मी करेंगे रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैहर

मैहर जिले के अमरपाटन इलाके में 10 दिन से घूम रहे जंगली नर हाथी ए-5/34 को ट्रैंकुलाइज कर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। शनिवार को एलीफेंट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इसका फैसला लिया गया। रेस्क्यू अभियान 10 या 11 नवंबर को चलाया जा सकता है। इसके लिए वन विभाग ने चार कुमकी हाथियों और करीब 150 अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम तैयार की है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक डॉ. समीता रजौरा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक हुई। इसमें मैहर डीएफओ विद्याभूषण मिश्रा भी मौजूद रहे। बैठक में विशेषज्ञों और वरिष्ठ वन अधिकारियों ने हाथी के व्यवहार, पिछले 10 दिनों की निगरानी और इलाके की स्थिति की समीक्षा की। तय किया गया कि निर्धारित एसओपी के तहत विशेषज्ञों की निगरानी में हाथी को ट्रैंकुलाइज कर उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ले जाया जाएगा। अमरपाटन रेंजर प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि रेस्क्यू के लिए गोरसरी कैंप में चार कुमकी हाथियों को तैयार रखा जाएगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इनकी मदद से अभियान चलाया जाएगा।

बाणसागर डैम तैरकर पहुंचा था मैहर

हाथी 28-29 अक्टूबर की रात बाणसागर डैम तैरकर रामनगर इलाके की सेमरिया ग्राम पंचायत पहुंचा था। इसके बाद से वह अलग-अलग गांवों और जंगलों में घूम रहा है। वन विभाग की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है और सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू की तैयारी में जुटी है।



कॉलर आईडी से रखी जा रही नजर

हाथी के गले में लगे कॉलर आईडी की मदद से वन विभाग उसकी लोकेशन पर नजर रख रहा है। फिलहाल उसकी लोकेशन रामनगर इलाके के मनगवां-गल्हरी क्षेत्र में बताई जा रही है। हाथी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है, जिससे वन विभाग की टीम को उसकी निगरानी में चुनौती आ रही है। वन विभाग ने हाथी के घूमने वाले संवेदनशील इलाकों के ग्रामीणों से पंचायत भवन और सामुदायिक भवन जैसे पक्के और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। आम लोगों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया और प्रशासनिक अमले से हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और रेस्क्यू अभियान में सहयोग करने को कहा गया है।

कलरी देवी हत्याकांड में पड़ोसी मां-बेटे हिरासत में

सड़क पर उतरे थे परिजन; मर्डर के बाद उखाड़ ले गए थे सोने के दांत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में 75 वर्षीय कलरी देवी की लूट के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाली एक महिला और उसके बेटे को हिरासत में लिया है। वारदात के बाद से बेटा मोहल्ले में नजर नहीं आ रहा था, जिस पर रहवासियों ने संदेह जताया था। पुलिस ने आनंद फाइनेंस के पास कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया।

बताया जा रहा है कि वारदात के समय दोनों मल्टी के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। हिरासत में लेने के दौरान स्थानीय रहवासियों ने हंगामा किया और दोनों पर हमला करने का प्रयास भी किया। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें वहां से रवाना किया। पुलिस की एसआईटी जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है।

कलरी देवी की हत्या के विरोध में शनिवार को परिजन और परिचित सड़क पर उतर आए। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने कोहेफिजा से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाली सड़क पर करीब 200 मीटर लंबा चक्काजाम कर दिया। करीब 45 मिनट तक प्रदर्शन जारी रहा।

अधिकारियों के आश्वासन और पुलिस की समझाइश के बाद परिजनों ने चक्काजाम खत्म किया और शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हो गए। परिजनों का कहना है कि हत्यारों ने बेरहमी से कलरी देवी की हत्या की और उनके सोने के दांत तक उखाड़ लिए। वारदात को लेकर परिवार और परिचितों में आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस को बुजुर्ग महिला की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिल गई है। इसमें दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, रस्सीनुमा चीज से महिला का गला घोंटा गया था। शुरूआती जांच में लूट के इरादे से हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। परिजनों ने भी इलाके में रहने वाले एक युवक पर संदेह जताया था। वारदात के बाद से वह मोहल्ले में नजर नहीं आ रहा था।

मल्टी में अकेली रहती थीं कलरी देवी

75 वर्षीय कलरी देवी पति स्वर्गीय हरिचरण वाजपेयी नगर मल्टी के ब्लॉक बी-2 में अकेली रहती थीं। उनकी चार बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि उनका एक बेटा मूकबधिर है और श्यामला हिल्स स्थित एक सरकारी कार्यालय में नौकरी करता है। शुक्रवार सुबह उनकी हत्या का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप है कि इलाके में लगातार आपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं। इससे पहले भी क्षेत्र में इसी तरह की दो हत्याएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बुजुर्ग महिला की हत्या के बाद परिवार और रहवासियों में नाराजगी है।

भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन की सूचना पर एसीपी अनिल बाजपेई, कोहेफिजा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर और शाहजहांनाबाद थाना प्रभारी यूपीएस चौहान सहित दो थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। अधिकारियों ने परिजनों को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। बाद में पुलिस ने संदेही मां-बेटे को हिरासत में लिया। अब एसआईटी की जांच के बाद मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

रेप पीड़िता के लिए दीपावली की छुट्टी में खुला हाईकोर्ट

26 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति; कोर्ट ने कहा-ऐसे मामलों में हर दिन कीमती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने दीपावली की छुट्टी के दिन शनिवार को विशेष सुनवाई कर 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता को 26 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति दी। शिवपुरी की पीड़िता के मामले की गंभीरता को देखते हुए जस्टिस मिलिंद रमेश फड़के की विशेष बेंच ने 7 नवंबर को सुनवाई की। कोर्ट ने वरिष्ठ डॉक्टरों को उसी दिन शाम 4 बजे तक गर्भपात की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में हर दिन कीमती है। एक दिन की देरी भी पीड़िता के स्वास्थ्य और जीवन के लिए ऐसे गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है, जिनकी भरपाई संभव नहीं है। हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता और अन्य विशेष मामलों में गर्भपात की अनुमति से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए प्रदेश की सभी अदालतों को नई गाइडलाइन भी जारी की है। यह मामला करैरा स्पेशल कोर्ट से हाईकोर्ट पहुंचा था। जीआर मेडिकल कॉलेज और कमलाराजा अस्पताल के मेडिकल बोर्ड की पहली रिपोर्ट स्पष्ट नहीं थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने दोबारा रिपोर्ट मांगी। डॉक्टरों ने खून की उपलब्धता और जरूरी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की प्रक्रिया को सुरक्षित बताया। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट ने गर्भ समाप्त करने की अनुमति दी।

प्रदेश की सभी अदालतों को भेजे निर्देश

हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति जबलपुर मुख्यपीठ, इंदौर और ग्वालियर बेंच के साथ प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों को भेजने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य यह है कि मेडिकल बोर्ड की अधूरी या अस्पष्ट रिपोर्ट के कारण ऐसे मामलों में देरी न हो। हाईकोर्ट के निर्देशों के मुताबिक, ऐसे मामलों को आगे भेजने से पहले निचली अदालतों को मेडिकल बोर्ड की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

चलती ट्रेन से उतरते समय युवक का पैर कटा:बेरछा रेलवे स्टेशन पर हुई घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले के बेरछा रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम चलती ट्रेन से उतरते समय 25 वर्षीय श्रवण सोनगरा घायल हो गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनके पैर का पंजा कट गया। प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मौजूद एक वेंडर ने उन्हें पटरी से खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस से उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक, श्रवण सोनगरा आगर मालवा जिले के चांदनगांव के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम शिवनारायण सोनगरा है। वे एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चलाते हैं।

दीपावली मनाने के लिए वे भोपाल रेलवे स्टेशन से भोपाल-इंदौर इंटरसिटी ट्रेन (19324) में सवार हुए थे। शनिवार शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच ट्रेन बेरछा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 से गुजर रही थी। ट्रेन का यहां स्टॉपेज नहीं था। इसी दौरान श्रवण चलती ट्रेन से उतरने लगे और हादसे का शिकार हो गए। ट्रेन में सामान बेचने वाले एक वेंडर ने श्रवण को पटरी पर देखा। उसने उनका हाथ पकड़कर उन्हें प्लेटफॉर्म की ओर खींचा। तब तक श्रवण ट्रेन के चार-पांच डिब्बों की चपेट में आ चुके थे।

पूर्वजों की याद में करते हैं दीपदान, 20 साल से चली आ रही परंपरा; हर साल हजारों लोग पहुंचते हैं

घर-मंदिर की तरह मुक्तिधाम में भी मनाते हैं दीपावली

साल 2006 में संस्था ने यहां दीप उत्सव शुरू किया था उस समय 4 लोग थे, आज हजारों लोग परिवार के साथ यहां आते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम के त्रिवेणी मुक्तिधाम में शनिवार रात लोगों ने पूर्वजों की याद में दीपावली मनाई। परिवार के साथ पहुंचे बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने चिता स्थलों पर दीप जलाए, रंगोली बनाई और आतिशबाजी की। यहां 2006 से दीपदान की परंपरा चली आ रही है। प्रेरणा सांस्कृतिक संस्था ने 4 लोगों के साथ इसकी शुरूआत की थी। अब हर साल हजारों लोग यहां दीपावली मनाने पहुंचते हैं। परिवार के साथ पहुंचे बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने चिता स्थलों पर दीप जलाए, रंगोली बनाई और आतिशबाजी की।

प्रेरणा सांस्कृतिक संस्था के गोपाल सोनी ने बताया कि दीपावली के दूसरे दिन रूप चौदस, नरक चौदस और यम चौदस होती है। इसे काली चौदस भी कहते हैं। हमारे पूर्वजों की अंतिम विदाई हम यहीं देते हैं, तो यह भी हमारा घर ही हुआ। उन्होंने बताया कि साल 2006 में संस्था ने यहां दीप उत्सव शुरू किया था। उस समय हम 4 लोग थे। आज हजारों लोग परिवार के साथ यहां आते हैं।





2006 से 2026 तक इस परंपरा के 20 साल पूरे हो गए हैं। जैसे घरों और मंदिरों में दीपावली मनाते हैं, वैसे ही यहां पूर्वजों का आशीर्वाद लेकर त्योहार मनाते हैं। दीपदान करने आईं सुमन ने बताया कि हम लोग तीन-चार साल से आ रहे हैं। आज भी पूरे परिवार के साथ आई हूं। बहुत अच्छा लगता है यहां आकर। हमारे जो पूर्वजों का याद करते हैं। उनकी याद में दीपदान कर रंगोली बनाते हैं।

शिवानी ने बताया कि मैं पिछले 5 साल से यहां मुक्तिधाम में दीपदान करने आती हूं। पूर्वजों को याद करते हुए मन को शांति मिलती है। सबको यहां आना चाहिए। क्योंकि यहां आकर ऐसा फील होता है कि अपन अपनों के बहुत करीब आ चुके हैं और उन्हें भी बहुत अच्छा लगता है कि हमारे लिए कोई दिवाली मनाने के लिए आया है।

बड़वानी में समझाइश के बाद फिर खुला पटाखा बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

बड़वानी के दशहरा मैदान में शनिवार शाम बंद हुआ पटाखा बाजार पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल और प्रशासन की समझाइश के बाद फिर खुल गया। व्यापारियों से चर्चा के बाद सभी दुकानें फिर खुलीं और आतिशबाजी की खरीदारी शुरू हो गई। प्रशासन ने निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर आठ पटाखा दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। इसके विरोध में शनिवार दोपहर बाद व्यापारी एकजुट हुए और शाम करीब 4 बजे दुकानें बंद कर दीं। व्यापारियों का कहना था कि दशहरा मैदान में कुल 48 दुकानें लगी हैं और सभी की व्यवस्था लगभग एक जैसी है। ऐसे में नियम सभी दुकानों पर समान रूप से लागू होने चाहिए। उन्होंने नोटिस का निराकरण होने तक दुकानें नहीं खोलने की बात कही थी। व्यापारी अभिषेक दीक्षित के मुताबिक, एसडीएम कार्यालय ने पटवारी के जरिए आठ दुकानदारों को नोटिस दिए थे। इनमें दुकानों के बीच तय 3 मीटर की दूरी नहीं होना, मौके पर लाइसेंस नहीं मिलना, स्थानीय भाषा में चेतावनी बोर्ड नहीं लगाना और अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना जैसी कमियां बताई गई थीं।

गलत के खिलाफ आवाज उठाने की मिली सजा

अंडरवर्ल्ड की धमकियों के बाद फिल्ममेकर्स ने बनाई दूरी-विवेक

बॉलीवुड में टैलेंट और मेहनत के बावजूद कलाकारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के शुरूआती दौर का दर्दनाक अनुभव साझा किया है। उनका कहना है कि गलत के खिलाफ आवाज उठाने के बाद उन्हें बॉलीवुड में अलग-थलग कर दिया गया था। उनके साथ काम करने के इच्छुक फिल्ममेकर्स को अंडरवर्ल्ड से धमकी भरे फोन आने लगे। विवेक के मुताबिक, उन्हें फिल्मों से निकाला जाने लगा और इंडस्ट्री में काम के मौके खत्म होते चले गए।

गलत के खिलाफ खड़े हुए तो शुरू हुआ मुश्किलों का दौर

विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में 'रीलर्न पॉडकास्ट' पर अपने करियर का मुश्किल दौर याद किया। उन्होंने बताया कि 2000 के शुरूआती सालों में करियर तेजी से आगे बढ़ रहा था, तभी एक विवाद के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। विवेक ने किसी का नाम लिए बिना बताया कि वह ऐसी सोच के साथ बड़े हुए थे, जिसमें कुछ मर्यादाओं को कभी पार नहीं करना चाहिए। महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए और उनके प्रति गलत बर्ताव बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। अभिनेता के मुताबिक, उन्होंने उस समय गलत के खिलाफ आवाज उठाई। इसके बाद उन्हें लगातार परेशान किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि यह उनकी जिंदगी का बेहद अंधकारमय दौर था। विवेक ने बताया कि इंडस्ट्री की एक ताकतवर लॉबी का दबाव उन पर हावी हो गया।

फिल्में साइन करने के बाद भी कर दिया जाता था बाहर

विवेक ने बताया कि वह करियर में कई सफल फिल्में दे चुके थे। हिट फिल्मों और अवॉर्ड्स से उन्हें पहचान मिल रही थी। इसके बावजूद इंडस्ट्री की एक ताकतवर लॉबी का दबाव उन पर हावी हो गया। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में लोग उनसे दूरी बनाने लगे। विवेक के मुताबिक, जिन फिल्मों को वह पहले ही साइन कर चुके थे, उनसे भी उन्हें बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वह इंडस्ट्री में 'पसोना नॉन ग्राटा' बन गए थे। इसका मतलब है ऐसा व्यक्ति, जिसे किसी जगह या समूह में स्वीकार नहीं किया जाता। विवेक ने अंडरवर्ल्ड की धमकियों को लेकर खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि कुछ फिल्ममेकर्स नैतिक आधार पर उनके साथ काम करने को तैयार थे। लेकिन कुछ हफ्तों बाद वही लोग फोन करके अपनी मजबूरी बताते थे।

रणवीर की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग पर विवाद

हंसल मेहता बोले- मुंबई में फिल्म बनाना मुश्किल, दूसरे राज्यों में मिलता है बेहतर सहयोग

रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'प्रलय' की आजाद मैदान में हुई शूटिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने शूटिंग से अंडर-14 और अंडर-16 क्रिकेट मैच प्रभावित होने पर आपत्ति जताई है। फिल्म के प्रोड्यूसर हंसल मेहता ने विवाद पर सफाई देते हुए मुंबई में शूटिंग की मंजूरियों और प्रशासनिक अड़चनों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि भारतीय सिनेमा का घर मुंबई अब शूटिंग के लिहाज से सबसे मुश्किल शहरों में शामिल हो गया है।

हंसल मेहता ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा कि 'प्रलय' की टीम ने आजाद मैदान में शूटिंग से पहले सभी जरूरी अनुमतियां ली थीं। उनके मुताबिक, टीम के पास पुलिस और खेल विभाग से मंजूरी के पत्र थे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने भी इसकी प्राप्ति की पुष्टि की थी।

हंसल ने कहा कि मुंबई में किसी एक जगह शूटिंग के लिए कई विभागों से मंजूरी लेनी पड़ती है। हर विभाग की अपनी प्रक्रिया और देरी होती है। कई बार सभी अनुमतियां होने के बावजूद फिल्ममेकर्स के साथ ऐसा व्यवहार होता है, जैसे वे जबरन शूटिंग कर रहे हों।

हंसल मेहता ने कहा कि मुंबई भारतीय सिनेमा का केंद्र है, लेकिन यहां शूटिंग मुश्किल होती जा रही है। एक लोकेशन पर शूटिंग के लिए कई विभागों की मंजूरी लेनी पड़ती है। इस प्रक्रिया में समय लगता है और कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में फिल्ममेकर्स का स्वागत होता है। वहां समझा जाता है कि फिल्म शूटिंग से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, कारोबार बढ़ता है और शहर को पहचान मिलती है। इसके उलट मुंबई में फिल्ममेकर्स को कई बार रुकावटों का सामना करना पड़ता है।

हंसल मेहता बोले- इसी वजह से मुंबई छोड़ दूसरे शहरों में शूटिंग कर रहे मेकर्स

हंसल ने कहा कि इसी वजह से कई फिल्ममेकर्स अब मुंबई के बजाय दूसरे शहरों और राज्यों में शूटिंग करना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबईकर और महाराष्ट्रियन होने के नाते वह इस स्थिति से दुखी हैं। उन्होंने तीन दशकों से ज्यादा समय इस शहर में काम किया है और आज भी यहीं अपनी कहानियां शूट करना चाहते हैं।

हंसल के मुताबिक, फिल्ममेकर्स वहीं शूटिंग करेंगे, जहां उन्हें सुविधा और सहयोग मिलेगा। मुंबई को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का केंद्र बने रहना है, तो उसे फिल्ममेकर्स को परेशानी की तरह देखना बंद करना होगा। रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की टीम ने आजाद मैदान में करीब छह घंटे शूटिंग की थी। इसके लिए मैदान के एक हिस्से में बड़ा सेट तैयार किया गया और आर्टिफिशियल घास बिछाई गई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने आपत्ति जताते हुए कहा कि शूटिंग के कारण अंडर-14 और अंडर-16 के पहले से निर्धारित इंटर-स्कूल क्रिकेट मैच टालने पड़े।



रणबीर कपूर 2-3 साल में करेंगे डायरेक्टोरियल डेब्यू



बोले- बतौर एक्टर यह मेरा आखिरी दशक, पहले पूरी करेंगे 'ब्रह्मास्त्र 2', 'एनिमल पार्क' और 'रामायण 2'

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर जल्द ही कैमरे के पीछे नजर आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह अगले 2 से 3 साल में अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट करना चाहते हैं। इसके लिए कुछ महीने पहले ही स्क्रिप्ट लिखना शुरू कर दिया है।

रणबीर ने कहा कि बतौर एक्टर यह उनका आखिरी दशक हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि वह तुरंत एक्टिंग छोड़ेंगे। वह धीरे-धीरे निर्देशन की तरफ बढ़ना चाहते हैं। फिलहाल उनकी प्राथमिकता आने वाली फिल्मों की शूटिंग पूरी करना है। रणबीर के मुताबिक, डायरेक्टर को कहानी कहने और पूरी टीम के साथ उसे पर्दे पर उतारने से खास क्रिएटिव संतुष्टि मिलती है। रणबीर ने बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले अपनी पहली फिल्म की स्क्रिप्ट लिखना शुरू किया। इस दौरान उन्हें महसूस हुआ कि कहानी लिखना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ महीने पहले ही स्क्रिप्ट लिखना शुरू किया है और यह बहुत मुश्किल काम है। मेरे मन में राइटर्स और क्रिएटर्स के लिए बहुत सम्मान है। मैं सोचता हूं कि आखिर वे कहानियां कैसे बनाते हैं।'

रणबीर के मुताबिक, डायरेक्टर को फिल्म बनाने के दौरान खास क्रिएटिव संतुष्टि मिलती है। उसे कहानी कहने और कई लोगों को साथ लाकर पर्दे पर उतारने का मौका मिलता है।

रणबीर ने साफ किया कि वह अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट करते समय एक्टिंग नहीं करना चाहते। उनका पूरा ध्यान निर्देशन पर रहेगा। उन्होंने कहा कि एक्टर और डायरेक्टर की जिम्मेदारियां अलग होती हैं। एक्टर अपना शॉट देने के बाद अगले सीन का इंतजार करता है, जबकि डायरेक्टर कहानी और फिल्म के हर पहलू के बारे में सोचता रहता है। रणबीर ने बताया कि बतौर डायरेक्टर उनकी पसंद फैमिली ड्रामा और जिंदगी से जुड़ी कहानियां होंगी। हालांकि, उन्होंने अभी कोई खास जॉनर फाइनल नहीं किया है। उन्होंने पसंदीदा फिल्मों में 'लाइफ इज ब्यूटीफुल', 'इट्स अ वंडरफुल लाइफ' और राजकुमार हिरानी की फिल्मों का जिक्र किया।

अभिजीत भट्टाचार्या ने की दलेर मेहंदी की आलोचना

बेटे गुरदीप मेहंदी भड़के, कहा- चंद व्यूज के लिए कुछ भी बोलते हैं; जानिए पूरा मामला




उत्तराखंड में एक परफॉर्मेंस के बीच दलेर मेहंदी पर शराब पीकर परफॉर्म करने के आरोप लगे। मंत्री ने मंच पर चढ़कर उनका अपमान किया, जिससे विवाद बढ़ गया। विवाद के बाद हाल ही में सीनियर सिंगर अभिजीत भट्टाचार्या ने एक परफॉर्मेंस के दौरान कहा कि दलेर मेहंदी सिर्फ लिप सिंक कर रहे थे, उनसे खड़ा भी नहीं हुआ जा रहा था। अभिजीत के बयान पर अब दलेर मेहंदी के बेटे गुरदीप भड़क गए। उन्होंने पिता का बचाव किया और कहा कि बुरा समय कभी भी आ सकता है।

गुरदीप ने एक परफॉर्मेंस के बीच ऑडियंस से कहा- ह्यआपको जानकर खुशी होगी कि हम जितना भी गा रहे हैं, लाइव गा रहे हैं, कोई लिव सिंकिंग नहीं हो रही। इसके लिए पापा जी का शुक्रिया, एक बार दलेर मेहंदी जी के लिए तालियां। मैंने यही सीखा है कि हमेशा लाइव गाएं। लाइव गाने में कुछ गलतियां होती हैं।

आगे उन्होंने कहा, ह्यकुछ आर्टिस्ट ऐसे हैं जो चंद व्यूज के लिए कहीं भी कुछ भी बयान दे देते हैं। हाल ही में जो अभिजीत दादा ने किया, मैं उनसे ऐसी उम्मीद नहीं करता कि वो ऐसा कुछ बोलेंगे, वो भी इतने लीजेंड्री सिंगर के लिए। बाकी वो जो गा रहे थे लाइव ही गा रहे थे, आपको उनकी फुटेज भेज दूंगा। वो लिपसिंक नहीं कर रहे थे। बाकी बुरा टाइम अच्छा टाइम कभी भी आ सकता है। छत्तीसगढ़ के एक इवेंट में परफॉर्म करते हुए अभिजीत भट्टाचार्या ने कहा, एक केस हुआ था, जहां स्टेज पर आकर मंत्री साहब ने कहा कि आप गाना नहीं गा रहे हैं, आपसे खड़ा नहीं हुआ जा रहा। वो सही कह रहे थे, लेकिन वो विलेन बन गए।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

एक 88 साल के बुजुर्ग को
फोन आया– सर हम बैंक से बोल रहे हैं,
म्यूचुअल फंड ले लो, साल में भाव डबल हो जाएंगे।
बुजुर्गः बेटा, मैं उम्र के उस
मोड़ पर हूँ जो केले
भी कच्चे नहीं खरीदता।

टीचरः बताओ तुम्हारा
होमवर्क कहां है
पप्पूः मैडम फेसबुक
पर चेक करिए,
मैंने स्क्रीनशॉट अपलोड कर दिए हैं
और आपको टैग भी कर दिया है।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. जनमत-4
4. सचेत. सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा - 2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. वसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

ऊपर से नीचे

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग. पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

माथा पच्ची

21		33		71		55	=	70
28		24		50		42	=	12
45		3		61		10	=	66
23		3		9		4	=	15
=		=		=		=		=
27		4		73		7	=	

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

अ	श	मु	फ	रे	व	हो	प	व	र	त
क्स	कि	पिं	ना	द	म	जा	जा	गो	पा	छ
न	के	ज	हे	नि	इं	ता	न	व	टि	टि
दी	ट	र	न	ता	ख	त	क	ले	ज	ल
ब	दा	त	प	मे	तो	हो	ख	गो	व	प
ब	त	त	स	ग	स	ए	व	म	बॉ	र
द	प	थू	न	त्या	व	ह	अ	गो	प्पा	म
क	र	क	ल	र	ह	भा	र	वो	आ	त
र	व	त	म	ए	भै	क	क	अ	न	से
जू	बे	दा	त	र	क	ता	ष	र	ह	या
मुं	ब	ई	न	आ	प	म	क	प	स्त	र

शब्दजाल में मनोज वाजपेयी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

अक्स, फरेब, इंतकाम, पिंजर, सत्या, शूल, जूबेदा, दिल पर मत ले यार, घात, जागो

अष्टयोग

4	2	7		3	5	
	33		33		26	7
		4	6			3
5	34	3	30	6	32	
6				5		2
	30	5	33	7	39	
1			3			4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

45	-	20	+	30	-	40	=	15
-		+		+		-		+
25	+	15	-	15	+	30	=	55
+		x		-		x		-
23	x	2	-	23	+	2	=	25
-		+		+		-		-
30	+	2	+	25	-	20	=	20
=		=		=		=		=
13	+	35	-	47	+	0	=	

अष्टयोग का हल

7	2	4	6	3	5	1
2	33	2	33	4	26	7
4	5	7	6	1	2	3
3	34	5	40	6	32	6
1	3	6	4	5	7	2
5	30	3	31	7	39	5
6	5	1	3	2	7	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल- मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7



रिपोर्ट-चुनाव से पहले ईरान पर हमला करना चाहते थे नेतन्याहू

मोसाद चीफ के साथ प्लान बनाया था; ट्रम्प को भनक लगी तो हमला रुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अक्टूबर में हुए चुनाव से ठीक पहले ईरान पर हमला करना चाहते थे। इजराइली न्यूज चैनल-12 ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया।

रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू ने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के चीफ रोमन गोफमैन के साथ मिलकर योजना बनाई थी। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी भनक लग गई। इसके बाद उन्होंने दखल देकर हमले की योजना रुकवा दी।

सेना और सुरक्षा अधिकारी नेतन्याहू के खिलाफ थे

रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल की सेना और सुरक्षा से जुड़े कई बड़े अधिकारी नेतन्याहू की योजना के खिलाफ थे। उन्हें डर था कि हमला किया तो ईरान जवाबी हमला कर सकता है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ जाता। आशंका थी कि 27 अक्टूबर को होने वाला चुनाव भी टल जाता।

अधिकारियों की असहमति के बावजूद नेतन्याहू ने योजना पर काम जारी रहा। चैनल-12 के मुताबिक इजराइल के एक सुरक्षा अधिकारी ने जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाया, जिससे अमेरिका को इस योजना के बारे में पता चल गया। अधिकारी ने क्या कदम उठाया था यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

पीएम नेतन्याहू के दफ्तर ने इस खबर को गलत बताया है। उसका कहना है कि प्रधानमंत्री ने उसी समय साफ कर दिया था कि इजराइली चुनाव से पहले ईरान पर हमला करने की कोई योजना नहीं थी।

चुनाव से दो दिन पहले सेना प्रमुख से भी विवाद हुआ था

ईरान पर कार्रवाई को लेकर नेतन्याहू और इजराइली सेना के प्रमुख एयाल जमीर के बीच तनाव की खबरें पहले भी सामने आई थीं। 25 अक्टूबर को चैनल-12 ने बताया था कि नेतन्याहू ने सेना को एक ऐसा आदेश दिया था, जिससे ईरान के साथ लड़ाई फिर शुरू हो सकती थी। सेना प्रमुख जमीर ने इस आदेश को मानने के इंकार कर दिया था।

उन्होंने इस पर दोबारा चर्चा करने और प्रधानमंत्री से लिखित आदेश मांगा था। वह यह भी चाहते थे कि कार्रवाई को कानूनी मंजूरी मिलने के दस्तावेज दिए जाएं। रिपोर्ट के मुताबिक सेना के बड़े अधिकारियों को शक था कि नेतन्याहू ईरान के मुद्दे का इस्तेमाल चुनाव में फायदा उठाने के लिए करना चाहते हैं। उन्हें डर था कि चुनाव से पहले कोई कार्रवाई हुई तो हालात बिगड़ सकते हैं। नेतन्याहू ने उस समय इन खबरों को भी बकवास बताया था। उन्होंने कहा था कि सेना प्रमुख के साथ उनका कोई विवाद नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने सेना और मोसाद को ईरान की मौजूदा सरकार गिराने का निर्देश दिया है।

अमेरिका और ईरान के बीच जंग रोकने पर बातचीत चल रही है

अमेरिका और ईरान के बीच कतर की मदद से बातचीत जारी है। दोनों देश जंग खत्म करने का रास्ता तलाश रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा हमले शुरू करने पर विचार करने की खबरें भी आई हैं। चैनल-12 के मुताबिक, अमेरिकी मिडटर्म चुनाव से पहले नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा था कि मतदान खत्म होते ही ईरान पर फिर हमला किया जाए। लेकिन ट्रम्प फिलहाल ईरान से बातचीत को कुछ और समय देना चाहते हैं। नेतन्याहू को डर है कि बातचीत आगे बढ़ी तो ईरान पर लगे प्रतिबंध और दूसरे दबाव कम हो सकते हैं। शुक्रवार को ट्रम्प ने भी कहा कि अमेरिका ईरान से बात कर रहा है और उसके साथ बातचीत अच्छी चल रही है। ट्रम्प ने यह दावा भी किया कि अगर उन्होंने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से नहीं रोका होता, तो आज इजराइल और पूरा मिडिल ईस्ट सुरक्षित नहीं होता।

ईरान और इजराइल के बीच विवाद की 4 बड़ी वजह

1979 में दुश्मनी शुरू हुई: ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद नई सरकार ने इजराइल का विरोध शुरू कर दिया था। उसका कहना था कि इजराइल ने फिलिस्तीनियों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते टूट गए। इजराइल विरोधी संगठन का समर्थन: ईरान फिलिस्तीनियों और हमास-हिजबुल्लाह जैसे इजराइल विरोधी संगठनों का समर्थन करता है।

गादी आइजनकोट इजराइल के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं

राष्ट्रपति ने सरकार बनाने के लिए कहा, संसद में बहुमत साबित करना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

गादी आइजनकोट इजराइल के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने उन्हें अगली सरकार बनाने के लिए चुना है। आइजनकोट को सरकार बनाने के लिए 6 हफ्ते का समय मिलेगा। इस दौरान उन्हें दूसरी पार्टियों से बातचीत करके गठबंधन बनाना होगा और संसद में बहुमत साबित करना होगा।

सरकार बनाने के लिए 61 सासंदों का समर्थन चाहिए। गादी आइजनकोट के गठबंधन को 6 पार्टियों के 67 सांसदों ने समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास मात्र 46 सांसदों का समर्थन है। जो बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर है। इस कारण राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का पहला मौका नहीं दिया।



छह पार्टियों ने आइजनकोट का नाम सुझाया

आइजनकोट को छह पार्टियों के 67 सांसदों का समर्थन मिला है। इनमें चार यहूदी पार्टियां और दो अरब पार्टियां शामिल हैं। चार यहूदी पार्टियों के पास कुल 48 सीटें हैं, जबकि दो अरब पार्टियों के पास 19 सीटें हैं। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि इन छह पार्टियों में से तीन यहूदी पार्टियां अरब पार्टियों के साथ सरकार बनाने को तैयार नहीं हैं। आइजनकोट ने भी चुनाव से पहले अरब पार्टियों को सरकार में शामिल करने से इनकार किया था। दूसरी ओर, अरब पार्टियों का कहना है कि वे नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए आइजनकोट का समर्थन कर रही हैं। यह इजराइल की अरब आबादी के अधिकारों की बात करने वाला राजनीतिक गठबंधन है। इसमें तीन अलग-अलग पार्टियां शामिल हैं। गठबंधन में अरब नेताओं के साथ यहूदी नेता भी हैं।

हदाश: वामपंथी पार्टी है। अरब और यहूदी नागरिकों की समानता, मजदूरों के अधिकारों और फिलिस्तीन के साथ शांति की वकालत करती है।

तालः अहमद तिबी की पार्टी है। अरब नागरिकों के समान अधिकार, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों और फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का समर्थन करती है।

बलदः अरब राष्ट्रवादी विचारधारा वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। इजराइल को ऐसा देश बनाने की वकालत करती है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलें।

राष्ट्रपति की बैठक में किसने किसका समर्थन किया?

यिस्राइल बेतेनुः अविग्दोर लिबरमैन की पार्टी ने आइजनकोट को समर्थन दिया है। इसके पास 7 सीटें हैं। राअमः मंसूर अब्बास की अरब पार्टी के 8 सांसदों ने आइजनकोट को सरकार बनाने का मौका देने की सिफारिश की। जॉइंट लिस्टः 11 सांसदों वाले इस अरब गठबंधन ने भी आइजनकोट का समर्थन किया। याशर और डेमोक्रेट्सः आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे की इन पार्टियों ने भी उनका नाम सुझाया। इसके अलावा नफ्ताली बेनेट के नेतृत्व वाली बियाचाद पार्टी ने भी उनका समर्थन किया।

नेतन्याहू के समर्थन में

लिकुडः बेंजामिन नेतन्याहू की अपनी पार्टी के सांसदों ने उन्हें दोबारा सरकार बनाने का मौका देने की सिफारिश की।

शासः आर्ये डेरी के नेतृत्व वाली इस पार्टी ने भी नेतन्याहू का समर्थन किया।

रिलिजियस जायनिज्मः बेजालेल स्मोट्रिच की पार्टी के सांसदों ने नेतन्याहू के पक्ष में सिफारिश की।

ओत्जमा येहुदितः इतमार बेन ग्विर की पार्टी ने भी नेतन्याहू को समर्थन दिया।

यूनाइटेड तोराह जूडिज्मः इस पार्टी के सांसदों ने भी नेतन्याहू के नेतृत्व में सरकार बनाने का समर्थन किया। यूनाइटेड तोरा जूडिज्म : किसी भी नेता के नाम की सिफारिश नहीं की। इसके पास 7 सीटें हैं। यह पार्टी लंबे समय से नेतन्याहू की सहयोगी रही है, लेकिन इस बार उसने उनसे दूरी बना ली।

सरकार बोली- देशभर से ई20 पेट्रोल के 893 सैंपल जांचे

सभी तय स्टैंडर्ड में; कर्नाटक सरकार के दावों का खंडन किया, राहुल बोले थे- ई20 बना 420

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार व सरकारी तेल कंपनियों ने ई20 पेट्रोल में तय सीमा से अधिक एथेनॉल के कर्नाटक सरकार के दावों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से लिए गए 893 नमूनों की जांच की गई।

सभी नमूने निर्धारित 19 से 21 प्रतिशत की सीमा के भीतर पाए गए। कर्नाटक के 56 नमूनों में एथेनॉल की औसत मात्रा 19.30% दर्ज की गई। मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार के उन दावों का खंडन किया, जिनमें 26-31% एथेनॉल होने की बात कही गई थी।

तेल कंपनियों ने राज्य की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निर्धारित नियमों के तहत नहीं की गई। कंपनियों ने कहा, एथेनॉल पेट्रोल से ज्यादा भारी होता है, जबकि जांचे गए नमूनों की डेंसिटी कम दर्ज की गई।

दरअसल एक दिन पहले राहुल ने पर लिखा था कि ई20 अब 420 बन गया है, जनता की गाड़ी से पेट्रोल चोरी हो रहा है।



राहुल का दावा- कर्नाटक में पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 20% से ज्यादा

राहुल के मुताबिक, कर्नाटक सरकार ने 7 जिलों से पेट्रोल के 14 सैंपल लेकर मान्यता प्राप्त लैब में जांच कराई। इनमें 11 सैंपल में एथेनॉल की मात्रा 20% से ज्यादा मिली। ज्यादा एथेनॉल वाला पेट्रोल इस्तेमाल करने से गाड़ियों का माइलेज घट सकता है और मरम्मत का खर्च बढ़ सकता है। आम लोग महंगे पेट्रोल के पैसे दे रहे हैं, लेकिन उनकी गाड़ियां इतनी ज्यादा एथेनॉल वाले पेट्रोल के लिए नहीं बनी हैं। इससे गाड़ियों को नुकसान हो सकता है और बार-बार मैकेनिक के पास जाना पड़ सकता है।

ग्राहकों को यह नहीं बताया जा रहा कि उनकी गाड़ी में कितना एथेनॉल मिला पेट्रोल डाला जा रहा है। ऐसे में उनके पास कोई विकल्प भी नहीं है।

देशभर में बिक रहे पेट्रोल में वास्तव में कितनी मात्रा में एथेनॉल मिलाया जा रहा है।

बेंगलुरु से लखनऊ जा रहा था विमान, वापस लौटा

इंडिगो फ्लाइट को हाईजैक की धमकी: टॉयलेट में नोट मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु से लखनऊ जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ए-451 को शनिवार को हाईजैक की धमकी मिली। क्रू मेंबर्स ने फ्लाइट के टॉयलेट में धमकी वाला नोट देखा। जिसके बाद पायलट विमान को वापस बेंगलुरु ले आया। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर फुल इमरजेंसी घोषित की गई।

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने विमान को अपने नियंत्रण में ले लिया। विमान को अलग खड़ा किया गया। विमान में मिले धमकी भरे नोट को किसने लिखा और यह वहां कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, ह्न7 नवंबर 2026 को बेंगलुरु से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए 451 में सुरक्षा खतरे की सूचना मिली।

स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत संबंधित अधिकारियों को तुरंत जानकारी दी गई। प्रोटोकॉल के अनुसार जरूरी सुरक्षा जांच के लिए पायलटों ने विमान को उसके शुरूआती एयरपोर्ट पर लौटाने का फैसला किया ह्न प्रवक्ता ने कहा, हम यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताते हैं। इसे कम करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। जांच पूरी होने और जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिलने तक ग्राउंड स्टाफ प्रभावित यात्रियों को जलपान और जानकारी दे रहा है। इसके बाद ही फ्लाइट लखनऊ के लिए आगे रवाना होगी।

हार के बाद ट्रम्प ने करीबी सलाहकार सूसी को निकाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद व्हाइट हाउस में बड़ा बदलाव हुआ है। सूसी वाइल्स ने चीफ ऑफ स्टाफ पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनकी जगह स्टीफन मिलर को यह जिम्मेदारी सौंपी है। मिलर इससे पहले व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ थे। वह 9 नवंबर से नया पद संभालेंगे। मिलर भारत विरोधी बयानों की वजह से कई बार चर्चा में रह चुके हैं। सुसी वाइल्स ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ बनने वाली पहली महिला थीं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। चीफ ऑफ स्टाफ राष्ट्रपति के सबसे करीबी अधिकारियों में शामिल होता है।

देशभर में 3,280 टन मिलावटी खाने का सामान जब्त

कीमत 82 करोड़; FSSAI का 66 दिन चला अभियान, 314 दुकानें सील की गईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

त्योहारों के दौरान मिलावट पर रोक लगाने के लिए देशभर में चलाए गए अभियान के दौरान 3,280 टन खाने का सामान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 82 करोड़ रुपए हैं। यह कार्रवाई फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने की है। FSSAI ने शनिवार को बताया कि 1 सितंबर से 5 नवंबर के बीच देशभर में 56,431 दुकानों की जांच की गई। इस दौरान पनीर, घी, दूध और मिठाइयों समेत 11 प्रोडक्ट मानकों पर खरे नहीं उतरे।

FSSAI का पूरा नाम फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया है। यह भारत की सबसे बड़ी फूड रेगुलेटरी बॉडी है। इसका मुख्य काम देश में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और गुणवत्ता के मानक तय करना और उनका पालन सुनिश्चित करना है।



यह केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करती है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 को 23 अगस्त 2006 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। ह्नरअक की स्थापना 2008 में हुई। इससे पहले खाद्य पदार्थों से जुड़े नियम अलग-अलग कानूनों और विभागों के तहत लागू होते थे। 2006 के कानून ने उन्हें एक व्यवस्था में लाने का काम किया। कार्रवाई कानून में निर्धारित प्रक्रिया और अधिकार प्राप्त अधिकारियों के माध्यम से होती है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जांच कर सकते हैं, नमूने ले सकते हैं और संदिग्ध खाद्य सामग्री जब्त कर सकते हैं।

लाइसेंसिंग और जिला स्तर के अधिकारी लाइसेंस निलंबित या रद्द करने जैसी कार्रवाई कर सकते हैं। नियमों के उल्लंघन पर प्रतिष्ठान सील करने की कार्रवाई भी संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जा सकती है।

क्या FSSAI खुद जेल भेज सकती है?

FSSAI या उसके अधिकारी सीधे किसी को जेल नहीं भेजते। वे जांच, सैंपलिंग और अभियोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हैं। अपराध के नेचर के अनुसार मामला अदालत में जाता है। अदालत ही कानून के तहत सजा सुनाती है।

न्यूजीलैंड में सत्ता की लड़ाई बेहद करीबी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेलिंगटन


न्यूजीलैंड में आम चुनाव के शुरूआती नतीजों ने सरकार बनाने का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की नेशनल पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 130 सीटों वाली संसद में 67 सीटें मिलती दिख रही हैं। बहुमत के लिए 66 सीटों की जरूरत है। यानी लक्सन का गठबंधन बहुमत से सिर्फ एक सीट आगे है। वहीं, विपक्षी लेबर पार्टी और उसके सहयोगियों को कुल 56 सीटें मिलती दिख रही हैं। ऑपरच्युनिटी पार्टी को 7 सीटें मिलने का अनुमान है। अभी 3% वोटों की गिनती बाकी है। इनमें विदेश में रहने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों और कुछ अन्य मतदाताओं के विशेष वोट भी शामिल हैं। ऑपरच्युनिटी पार्टी को 7 सीटें मिलने का अनुमान है। लक्सन ने उनके साथ सरकार बनाने से इनकार किया है। अगर ऑपरच्युनिटी पार्टी विपक्षी गठबंधन के साथ आती है, तो भी उसके पास कुल 63 सीटें होंगी।

पुलिस ने हमलावर को गोली मारी; सेना जैसी वर्दी पहनकर आया था आरोपी

पोलैंड के क्राको शहर में गोलीबारी, 6 लोगों की मौत:15 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पोलैंड

पोलैंड के क्राको शहर में गोलीबारी से जुड़ा यह वीडियो वायरल है। दावों के अनुसार एक पुलिसकर्मी ने बिना डरे अकेले आगे बढ़कर हमलावर को रोका। पोलैंड के क्राको शहर में शनिवार को गोलीबारी हुई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। मरने वालों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 24 साल का एक युवक कार से मेन मार्केट स्क्वायर पहुंचा और वहां मौजूद लोगों पर गोलियां चलाने लगा। हमलावर ने सेना जैसी वर्दी, हेलमेट और बॉडी आर्मर पहन रखा था। जब उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हमलावर को गोली मारकर घायल कर दिया। अस्पताल में हमलावर का इलाज जारी है। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। क्राको शहर की पुलिस की प्रवक्ता कैटार्जिना सिस्लो ने बताया कि हमलावर के पास एक बड़ी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल सेना में किया जाता है। पुलिस को उसकी कार से कई और हथियार और गोलियां भी मिली हैं। घायल होने के बाद भी वह लगातार गोली चला रहा था।



क्राको पोलैंड का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां हर साल करीब डेढ़ करोड़ पर्यटक आते हैं। इनमें से ज्यादातर शहर के मेन स्क्वायर घूमने पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि हमलावर कार लेकर मेन स्क्वायर के आसपास घूमता रहा और अलग-अलग जगहों पर लोगों को निशाना बनाया। इसलिए कई जगहों पर लोग घायल हुए। हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया है।



पोलैंड में बंदूक रखने का चलन बढ़ रहा है

पोलैंड की आबादी करीब 3.7 करोड़ है। यहां करीब 4.11 लाख लोगों के पास बंदूक रखने का लाइसेंस है। हाल के वर्षों में बंदूक रखने में लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है।

पोलैंड में इस तरह की सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं कम होती हैं। हालांकि, अक्टूबर में देश के माजोविया इलाके के तीन स्कूलों में चार दिन के भीतर हमले हुए थे। इनमें एक व्यक्ति की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। घायलों में बच्चे भी शामिल थे।

■ वर्ष-13 अंक-06 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

साधुम्यस्ते निवर्तन्ते पुत्र: मित्राणि बान्धवा:।
ये च तै: सह गन्तारस्तद्धर्मात्सुकृतं कुलम्॥

भावार्थ : संसार के अधिकतर पुत्र,मित्र और भाई साधु-महात्माओं, विद्वानों आदि की संगति से दूर रहते हैं। जो लोग सत्संगति करते हैं, वे अपने कुल को पवित्र कर देते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासर: 08 नवम्बर, 2026

आयु: कर्म वित्तञ्च विद्या निधनमेव च।
पञ्चैतानि हि सृज्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिन:॥

भावार्थ : आयु, कर्म, वित्त, विद्या, निधन ये पांचों चीजें प्राणी के भाग्य में तभी लिख दी जाती हैं, जब वह गर्भ में ही होते है।

सम्पादकीयम्

कस्यापि संस्थाया: अन्त: असहमति:

कस्यापि संस्थाया: अन्त: असहमति: लोकतान्त्रिकप्रक्रियाया: स्वाभाविक: घटक: भवति-विविधदृष्टिकोणानां अभिव्यक्ति: प्राय: उत्तमविकल्पानां मार्गं प्रशस्तं करोति। निर्णया: कथं भवन्ति। परन्तु विविधदृष्टिकोणानां मूल्यं तदा एव साक्षात्कृतं भवति यदा तेषां वास्तविकरूपेण श्रूयते। आयोगेन स्पष्टं कर्तव्यं यत् के के असहमतिबिन्दव: विचारिता:, के स्वीकृता:, कथं सहमति: प्राप्तुं प्रयत्ना: कृता: इति। इदं महत्त्वपूर्णं यतोहि एष: विषय: 'विशेषसघनपुनरीक्षणम्'-मतदातानां नामानां योजनं वा निष्कासनं वा सम्मिलितं प्रक्रिया-तथा च डिजिटल-अन्तर्गत-संरचनाया: विषये वर्तते, यस्मिन् निर्वाचनसूची अवलम्बते संशयान् सम्बोधयन्। 'विशेषसघनपुनरीक्षणम्' असाधारणतया संवेदनशील: विषय: अस्ति। बिहारे प्रारम्भात् आरभ्य दिल्लीपर्यन्तं अस्या: प्रक्रियाया: विषये असन्तुष्टि: अनेकवारं प्रकटिता अस्ति। पश्चिमबङ्गदेशे अद्यापि विवाद: शान्त: न अभवत्। एष: विकास: विपक्षस्य आरोपानाम् भारं दास्यति, एसआईआर-सम्बद्धानां चिन्तानां गभीरं च करिष्यति; वस्तुत: पूर्वमुख्यमन्त्री ममता बनर्जी बङ्गदेशे नूतनं विधानसभानिर्वाचनं भवतु इति पूर्वमेव आग्रहं कृतवती अस्ति। यदा एतादृशी महत्त्वपूर्णा प्रक्रिया प्रचलति तदा एतावता प्रश्नानाम् आरक्षणानाञ्च उद्भव: आदर्शात् दूरं भवति। असहमति: सामान्य: अस्ति। निर्वाचनआयोग: प्रतिपादयति यत् स्वसदस्यानां मध्ये भिन्ना: मता: आन्तरिकचर्चायां मानकभाग: अस्ति तथा च सर्वे अन्तिमनिर्णया: सर्वसम्मत्या एव कृता: इति।

रामायण इत्यस्मिन् रणबीर कपूरस्य शरीरस्य द्विगुण:

अभय अरोड़ा क:? धुरन्धर २ इत्यस्मिन् अपि स: प्रमुखा भूमिकां निर्वहति स्म।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नीतेश तिवारी इत्यस्य रामायण इति चलच्चित्रं सम्प्रति चर्चायां वर्तते। रणबीर: कपूर: यत्र भगवान् रामस्य चित्रणं करोति तत्र भगवान् परशुरामस्य भगवान् रामस्य च सङ्घर्षं दर्शयति इति क्रम: प्रेक्षकाणां ध्यानं अपि आकर्षितवान् अस्ति अद्यावधि बहु चर्चा न कृता आसीत् एक: अभिनेता अस्य दृश्यस्य पदार्यां जीवन्तं कर्तुं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति स्म। अयं अभिनेता अभय अरोरा अस्ति, य: चलच्चित्रे रणबीरकपूरस्य कृते शरीरस्य द्विगुणरूपेण कार्यं कृतवान्।

चलचित्रस्य पदार्पृष्ठस्य छायाचित्रस्य प्रकाशनानन्तरं अभय अरोड़ा इत्यस्य विषये प्रेक्षकाणां रुचि: वर्धिता अस्ति। तस्य लम्ब: कद: शारीरिकनिमार्णं च पदार्यां पात्रं प्रभावशालिनीं कर्तुं महत्त्वपूर्णं योगदानं दत्तवान्। अभय अरोड़ा रामायण इत्यस्य सेट् त: फोटो साझां करोति। अभय अरोरा इत्यनेन स्वस्य इन्स्टाग्राम-अकाउण्ट्-मध्ये चलच्चित्रस्य शूटिंग-क्रीडाया: अनेका: छायाचित्रा: साझा: कृता:। एतै: सह स: भगवत: परशुरामस्य चरित्रस्य चित्रणं कृत्वा एतादृशस्य प्रमुखस्य परियोजनाया: भाग: भवितुं स्वस्य अनुभवस्य विषये चिन्तनं कृतवान्। अभय: लिखितवान् यत् परशुराम:–विष्णुभगवत: अवतार:–महाकाव्यस्य अत्यन्तं असाधारणपात्रेषु अन्यतम: अस्ति। स: अस्य अद्वितीयस्य शक्तिशालिन: च आकृतिं पदार्यां आनेतुं अवसरं आशीवार्दात् न्यूनं नास्ति इति वर्णितवान्।

स: अपि अवदत् यत् भारतीयचलच्चित्रस्य केषाञ्चन उत्तमकलाकारै: सह कार्यं कर्तुं तस्य कृते गौरव: सौभाग्यं च। अभय: सम्पूर्णं चलच्चित्रदलं प्रति अपि कृतज्ञतां प्रकटितवान् यत् तेन अस्मिन् यात्रायां तस्य समावेश: कृत:।



धुरन्धर २ इत्यत्र यासर अराफात इति दृष्ट:। धुरन्धर २ इति चलच्चित्रं ये दृष्टवन्त: तेषां कृते अभय अरोड़ा इति नाम नवीनं नास्ति। आदित्यधरेन निर्देशिते अस्मिन् चलच्चित्रे स: यासिर अराफातस्य भूमिकायां अभिनयम् अकरोत्। चलचित्रे तस्य चरित्रं अश्विनधरेन अभिनीतस्य पात्रस्य अर्शदपप्पु इत्यस्य भ्रातारूपेण चित्रितम् अस्ति। धुरन्धर २ इत्यस्य अनन्तरं रामायण इत्यनेन सह सङ्गतिं कृत्वा अभय: पुन: चर्चायां वर्तते। तस्य इन्स्टाग्राम-प्रोफाइल-अनुसारं तस्य अभिनयस्य अतिरिक्तं क्रिकेट्-क्रीडायां रुचि: अस्ति। परन्तु तस्य प्रारम्भिकजीवनस्य अभिनयवृत्ते: च विषये विस्तृता: सूचना: सार्वजनिकरूपेण न प्राप्यन्ते।

भगवान् राम परशुरामयो: सम्मुखीकरणस्य पृष्ठत: क: सन्दर्भ: अस्ति? रामायण आख्याने भगवान् राम-परशुरामयो: समागम: अत्यन्तं महत्त्वपूर्ण: इति मन्यते। वाल्मीकिरामायणस्य बालाकाण्डानुसारं भगवान् राम: सीताया: विवाहानन्तरं अयोध्यां प्रत्यागत्य परशुरामेन सह मिलति। इत्थं गोस्वामी तुलसीदासस्य रामचरितमानस इत्यस्मिन् अयं प्रकरण: ह्यसीतास्वयंवरस्य समये घटित: इति वर्णित: अस्ति। अस्य विवरणानुसारं भगवान् रामस्य शिवस्य धनुष: भङ्गस्य अनन्तरं परशुराम: घटनास्थले आगच्छति।

प्रारम्भे परशुराम: क्रोधेन पूर्ण: भवति; तथापि भगवत: रामस्य चरित्रं पराक्रमं च ज्ञात्वा स: अवगच्छति यत् राम: कोऽपि साधारण: मानव: नास्ति, अपितु भगवत: विष्णुस्य अवतार: एव अस्ति उभौ विष्णो: अवतारौ, तथापि विशिष्टतादात्म्यौ स्त:। पौराणिकपरम्परानुसारं भगवान् परशुराम: विष्णुस्य षष्ठ: अवतार: इति मन्यते, भगवान् राम: तु सप्तम:।

न्यायपूर्णसंकल्पस्य आग्रह:

कृत: अस्ति, तत्र असफलताया: कारणेन विरोधा:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

संस्था प्रतिपादयति यत् निर्धनपरिवाराणाम् निष्कासनात् पूर्वं तेषां आवासीयदस्तावेजानां, तेषां दीर्घकालीनव्यापारस्य इतिहासस्य च सम्यक अन्वेषणं करणीयम्। ज्ञापनपत्रे सप्तदिनान्तरे न्यायपूर्णसंकल्पस्य आग्रह: कृत: अस्ति, तत्र असफलताया: कारणेन विरोधा:, जनआन्दोलनं च भविष्यति इति चेतावनी दत्ता।

ज्ञापनपत्र प्रस्तुतु के दौरान उपस्थित लोगों में जिलाध्यक्ष संजू लाल झरिया, विधि सल्लाहकार भुरेलाल झरिया, जिला उपाध्यक्ष मदन चौधरी, साथ ही कमलेश चौधरी, सोनू चौधरी, दिनेश यादव, आरती चौधरी, सुलोचना चौधरी, रश्मि चौधरी, एवं विद्या बै यादव शामिल रहे। १५० परिवारानां भविष्यं प्रशासनस्य निर्णये एव निर्भरं भवति। महुआ टोलानगरस्य स्थिति: अधिकारिणां कृते संवेदनशीलं दायित्वं प्रस्तुतं करोति। यद्यपि सर्वकारीयभूमि अतिक्रमणस्य विरुद्धं कार्यवाही कानूनेन अपेक्षिता अस्ति तथापि तत्र वर्षाणां यावत् तत्र निवसतां परिवारै: धारितानां दीर्घकालीनभूमिकायार्णां (पट्टानां) निष्पक्षतया अन्वेषणं करणं, तथैव सर्वकारीयगृहयोजनाभि: सम्बद्धानां दस्तावेजानां, तेषां कृते प्रस्तावितानां दावानां च विषये अपि तथैव महत्त्वपूर्णम् अस्ति प्रशासनस्य कृते स्थले एव सीमांकनं कर्तुं, राजस्व-अभिलेखानां पार-सत्यापनं कर्तुं, प्रभावितपरिवारेभ्य:।

सदस्या: कुत्र सन्ति? दस्तावेजेषु समाविष्टा: ११ छायाचित्रा:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

इदानीं तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य सांसद: महुआ मोइत्रा पृष्टवान् यत् यदि पुरी एप्स्टीन् इत्यनेन सह त्रीणि वा चत्वारि वा वारा: प्रतिनिधिमण्डलस्य भागत्वेन मिलितवती तर्हि एतेषु छायाचित्रेषु तस्य प्रतिनिधिमण्डलस्य अन्ये सदस्या: कुत्र सन्ति? दस्तावेजेषु समाविष्टा: ११ छायाचित्रा: समाचारानुसारं एतानि चित्राणि अमेरिकीन्यायविभागेन प्रकाशितस्य नवमस्य दस्तावेजसमूहस्य भागा: आसन्। अस्मिन् सेट्-मध्ये एप्स्टीन्-पुरी-यो: न्यूनातिन्यूनं ११ छायाचित्राणि सन्ति इति कथ्यते। सामाजिकमाध्यमेषु एतानि चित्राणि प्रकटितानि इति कारणेन अस्मिन् विषये पुन: ध्यानं प्राप्तम् अस्ति।

राशिफल

मेष : किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी। सेहत में थकान या नींद की कमी हो सकती है, इसलिए खुद को समय दें।

वृषभ : नौकरी या काम में नया मौका मिल सकता है। आमदनी ठीक रहेगी और खर्च भी कंट्रोल में रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

मिथुन : मेहनत का फल मिलेगा। सीनियर आपकी मेहनत नोटिस करेंगे। सेहत में थकान, कमर या पैरों में दर्द हो सकता है, आराम जरूरी है।

कर्क : काम में मन लगेगा और आत्मविश्वास बना रहेगा। आमदनी के योग अच्छे हैं। सेहत ठीक रहेगी।

सिंह : खर्च पर थोड़ा कंट्रोल जरूरी है। सेहत में कमजोरी या थकान महसूस हो सकती है, आराम करें।

कन्या : मन एक जगह टिकेगा नहीं, कई बातें साथ-साथ चलेंगी। किसी बड़े फैसले में जल्दबाजी न करें।

तुला : बात करके पुराने मतभेद दूर हो सकते हैं। नया प्रस्ताव या जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

वृश्चिक : परिवार का साथ मिलेगा और घर से जुड़ा कोई काम पूरा हो सकता है। खर्च थोड़ा बढ़ सकता है, इसलिए फिजूलखर्ची से बचें।

धनु : काम में ध्यान अच्छा बना रहेगा। नौकरी में स्थिति स्थिर रहेगी। सेहत में पेट, गैस या थकान की शिकायत हो सकती है।

मकर : बॉस या सीनियर का सहयोग मिल सकता है। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए पैसों को लेकर संतुलन रखें।

कुंभ : घर के मामलों में आपकी भूमिका अहम रहेगी। काम में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन उसका फायदा आगे चलकर मिलेगा।

मीन : कभी-कभी मन जल्दी भटक सकता है या गुस्सा आ सकता है, इसलिए बोलते समय थोड़ा संभलकर रहें।

टीम छोड़ने की इच्छा जताई थी, अर्शदीप मुंबई इंडियंस जाएंगे

मुंबई से खेल चुके हार्दिक फ्रेंचाइजी छोड़ेंगे, पंजाब से जुड़ेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में 10 सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले हार्दिक पंड्या अब फ्रेंचाइजी छोड़ेंगे। वे पंजाब किंग्स से खेलेंगे। वहीं लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई की टीम में आएंगे। मुंबई और पंजाब के बीच ट्रेड हुआ है। हार्दिक ने 2015 से 2021 तक लगातार 7 सीजन और 2024 से 2026 तक 3 सीजन मुंबई के लिए खेले। इस बीच वे 2022 और 2023 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे। हार्दिक आईपीएल 2026 के बाद खुद ही मुंबई की टीम छोड़ना चाहते थे।

क्रिकेट में ट्रेड का मतलब दो फ्रेंचाइजी के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली है। इसमें एक टीम अपना खिलाड़ी दूसरी टीम को देती है और बदले में उस टीम से कोई दूसरा खिलाड़ी लेती है। यह सौदा दोनों टीमों की सहमति से होता है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2026 में नौवें स्थान पर रहना पड़ा था। टीम को तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथ देने वाले एक मजबूत गेंदबाज की जरूरत महसूस हुई। पिछले सीजन में ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे।

बोल्ट को मुंबई ने 2025 के मेगा ऑक्शन में 12.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में वे सिर्फ 5 मैच खेल पाए।





हार्दिक की कप्तानी में मुंबई का रिकॉर्ड कमजोर

- हार्दिक का यह तीन साल में दूसरी बार ट्रेड के जरिए टीम बदलना होगा। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने उन्हें गुजरात टाइटंस से ऑल-कैश डील में शामिल किया था। इसके बाद उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया। रोहित की कप्तानी में मुंबई पांच आईपीएल खिताब जीत चुकी थी।
- हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने 2024 में आखिरी स्थान हासिल किया। 2025 में टीम प्लेऑफ तक पहुंची, लेकिन 2026 में नौवें स्थान पर रही।
- इसके उलट गुजरात टाइटंस के कप्तान के तौर पर उनका रिकॉर्ड बेहतर था। गुजरात ने उनकी कप्तानी में 31 मैचों में 22 जीत और 9 हार दर्ज कीं।

- **पहली बार पंजाब के अलावा किसी दूसरी टीम से खेलेंगे अर्शदीप-** अर्शदीप ने 2019 में पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। अब तक वे इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेले हैं। उन्होंने 96 मैचों में 111 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकोनॉमी 9.18 रही। पंजाब के पास भारतीय तेज गेंदबाजों में यश ठाकुर और विजयकुमार वैशाक भी हैं।
- **पंजाब में कप्तानी नहीं, ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे हार्दिक-** पंजाब किंग्स में हार्दिक को कप्तानी मिलने की संभावना कम है। श्रेयस अय्यर पिछले दो सीजन से टीम की अगुआई कर रहे हैं। हार्दिक मिडिल ऑर्डर में तेजी से रन बना सकते हैं और जरूरत के समय गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पंजाब किंग्स अब तक आईपीएल खिताब नहीं जीत सकी है। 19 सीजन में टीम सिर्फ दो बार फाइनल तक पहुंची है। 2014 और 2025 में।
- **मुंबई के सपोर्ट स्टाफ में भी बदलाव-** आईपीएल 2027 से पहले मुंबई इंडियंस ने अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया है। कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया गया है। रॉबिन उथप्पा बल्लेबाजी कोच, मिचेल मैक्लेनाघन गेंदबाजी कोच और टी. दिलीप फील्डिंग कोच की भूमिका संभालेंगे।
- **17 नवंबर तक रिटेंशन की प्रक्रिया पूरी करनी है-** आईपीएल 2027 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 17 नवंबर है। इसके बाद 16 दिसंबर को गोवा में मिनी ऑक्शन होना है।

दूसरे वनडे में विराट कोहली ने पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा

न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे कामयाब वनडे बल्लेबाज बने, रोहित ने शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेलिंगटन

भारत ने दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 4 रन से हरा दिया। वेलिंगटन में हुए इस मैच के दौरान विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहीद अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार और न्यूजीलैंड बैटर डेरिल मिचेल के बीच बहस हुई।

कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में हाईएस्ट रन स्कोरर- कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 1,978 रन बना चुके हैं। पोंटिंग के 1,971 रन हैं। 1750 रन के साथ सचिन तेंदुलकर तीसरे नंबर पर हैं।

रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाए- रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने शनिवार को 2 सिक्स लगाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित 51 सिक्स जड़ चुके हैं। शाहिद अफरीदी ने 50 छक्के लगाए थे।



भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का घर में सबसे छोटा टोटल- न्यूजीलैंड 134 रन पर ऑलआउट हुई। यह घर पर भारत के खिलाफ टीम का सबसे छोटा वनडे स्कोर है। इससे पहले टीम 1994 में ऑकलैंड में 142 रन बना सकी थी।

गुरनूर ने शमी और अर्शदीप को पीछे छोड़ा- गुरनूर बरार ने वेलिंगटन में 30 रन देकर 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड में किसी भारतीय तेज गेंदबाज का यह दूसरा बेस्ट बॉलिंग फिगर है। जवागल श्रीनाथ इस मामले में पहले नंबर पर हैं। उन्होंने 2003 में ऑकलैंड में 23 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

बारिश की वजह से मैच जल्दी खत्म हुआ- बारिश की वजह से मुकाबला 7:30 की बजाय 8:30 बजे शुरू हुआ। 1 घंटे की देरी के बाद मैच को 47-47 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड की पारी हुई और टीम 41 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। इसके बाद जब भारत ने 26 ओवर में 7 विकेट पर 113 रन बना लिए थे, तब बारिश आ गई। थोड़ी देर बाद मैच समाप्त घोषित किया गया और भारत को जीत मिली। आकिब ने अपनी तीसरे वनडे मैच में पहला विकेट लिया। दूसरे ओवर में आकिब ने टिम साइफर्ट को आउट किया। आकीब की ऑफ स्टंप पर पिच हुई गेंद पर साइफर्ट ड्राइव खेलने गए। गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और मिड-ऑन पर अंशुल कंबोज ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

गिल ने डेरिल मिचेल का कैच छोड़ा- 17वें ओवर में मिचेल का 21 रन पर कैच छूटा। अंशुल कंबोज की गेंद पर मिचेल ने मिड-ऑफ की ओर शॉट खेला। गिल के पास आसान कैच का मौका था। उन्होंने दोनों हाथों से गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन हाथों से छिटक गई।

फिल्म दूसरा पर गांगुली के अधिकारों के उल्लंघन का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने फिल्म दूसरा के निर्माताओं को सौरव गांगुली के व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों के मामले में दो करोड़ रुपए की बिना शर्त बैंक गारंटी जमा करने का आदेश दिया है। अदालत ने पहली नजर में माना कि फिल्म में गांगुली की पहचान और उनके क्रिकेट करियर से जुड़े पलों का इस्तेमाल उनके अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है। कोर्ट ने निर्माताओं को फिल्म की शुरूआत और अंत में डिस्क्लेमर लगाने का निर्देश भी दिया है। हालांकि, अदालत ने फिल्म की रिलीज पर रोक नहीं लगाई, क्योंकि यह 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आ चुकी है। ऐसे में फिल्म की स्क्रीनिंग जारी रह सकेगी, लेकिन निमार्ताओं को कोर्ट की तय शर्तें पूरी करनी होंगी। अदालत ने फिल्म बनाने वाली कंपनी रमेश देव प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड को बैंक गारंटी जमा करने को कहा है। बैंक गारंटी को आसान भाषा में समझें तो यह बैंक की ओर से दी गई वित्तीय सुरक्षा होती है।

ज्योतिष/वास्तु

सूर्य गोचर से होगा खूब लाभ

16 नवंबर से 7 राशियों के चमकेंगे भाग्य के सितारे

सूर्य दिवाली बाद वृश्चिक राशि में गोचर करने वाले हैं। सूर्य के वृश्चिक राशि परिवर्तन से 7 राशियों के अच्छे दिनों की वापसी हो सकती है। जानें सूर्य गोचर की लकी राशियां।

ग्रहों के राजा सूर्य 16 नवंबर 2026 को तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में गोचर करने वाले हैं। इस राशि में सूर्य करीब एक महीने तक यानी 16 दिसंबर 2026 तक विराजमान रहेंगे। वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल हैं। मंगल की राशि में सूर्य गोचर का प्रभाव मेष से लेकर मीन राशि पर पड़ेगा। पंडित नरेंद्र उपाध्याय बताते हैं कि ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को आत्मविश्वास, मान-सम्मान, नेतृत्व क्षमता और आत्मा का कारक माना जाता है। जबकि मंगल ऊर्जा, रक्त और साहस के कारक हैं। ज्योतिष में सूर्य और मंगल के बीच मित्रता का संबंध माना जाता है। ऐसे में सूर्य का वृश्चिक राशि में प्रवेश साहस, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और नेतृत्व से जुड़े मामलों को प्रभावित करने वाला माना जाता है। इस दौरान लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके मिल सकते हैं। रुके हुए काम पूरे करने और नई योजनाओं पर काम शुरू करने के अवसर मिल सकते हैं। जानें सूर्य का वृश्चिक गोचर किन राशियों के लिए रहेगा लाभकारी।

- **वृषभ राशि:** वृषभ राशि वालों को अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करने का मौका मिल सकता है। पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। हालांकि इस दौरान जल्दबाजी में कोई बड़ा आर्थिक फैसला लेने से बचें।
- **मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों को सूर्य गोचर के दौरान शिक्षा, संतान और प्रेम संबंधों से जुड़े मामलों में शुभ परिणाम मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। कारोबार में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। निवेश से जुड़े मामलों में भी लाभ के संकेत हैं।
- **कन्या राशि:** कन्या राशि वालों को घर, जमीन और वाहन से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। प्रॉपर्टी खरीदने या घर के नवीनीकरण की योजना बना रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।
- **तुला राशि:** तुला राशि वालों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी। व्यापार करने वाले जातकों को नए संपर्कों से लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। छोटी यात्राएं लाभकारी रहेंगी।
- **वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि वालों के व्यक्तित्व में निखार आ सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अपने फैसले मजबूती से ले पाएंगे। नौकरी में पद और प्रतिष्ठा बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रह सकता है। कारोबार में नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। समाज में आपकी पहचान मजबूत हो सकती है।
- **मकर राशि:** सूर्य गोचर काल में मकर राशि वालों को नौकरी और कारोबार में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रह सकता है। विदेश यात्रा या विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता के संकेत हैं।
- **कुंभ राशि:** सूर्य गोचर के प्रभाव से आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बन सकते हैं। पुराने निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी में प्रमोशन या वेतन वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारियों को नए ऑर्डर और अच्छे व्यावसायिक संपर्क प्राप्त हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है।
- **मीन राशि:** सूर्य गोचर के प्रभाव से आय में वृद्धि के संकेत हैं। नौकरी पेशा में उन्नति प्राप्त हो सकती है। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता हासिल हो सकती है। अपनों का साथ मिलेगा। अटके हुए कार्य गति प्राप्त कर सकते हैं। शत्रुओं पर विजय के संकेत हैं।

खबर एक नजर...

बर्तन की दुकान में बिना लायसेंस पटाखों का कारोबार

उज्जैन। दीपावली पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सूचना मिलने खाराकुआ थाना पुलिस ने पटवा बाखल बर्तन की दुकान पर दबिश मारी। जहां से बिना लायसेंस हेमन्त पिता रतनलाल द्वारा पटाखों का कारोबार किया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा करीब 25 हजार रुपए के पटाखे जप्त कर आदेश का उल्लंघन करने धारा 288 बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9 का प्रकरण दर्ज किया। महिदपुररोड थाना पुलिस ने ग्राम झूठावद में किराये से दुकान लेकर 2 युवकों द्वारा बिना लायसेंस पटाखे बेचे जा रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर 20 हजार से अधिक के पटाखे बरामद करने के साथ पंकज पिता राधेश्याम 22 वर्ष और मनीष पिता डालूराम निवासी ग्राम झुटावद को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया। नीलगंगा थाना पुलिस ने सिंधी कालोनी चौराहा से समीर पिता डोबरिया निवासी गांधीनगर और उसके नाबालिग को अवैध तरीके से पटाखे बेचते हुये पकड़ा।

सात जिलों के पुलिसकर्मियों ने प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

उज्जैन। 70 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्युटी मीट प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में आयोजन किया गया। जोन स्तरीय प्रतियोगिता में वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में सात जिलों के पुलिसकर्मियों ने अपना हुनर दिखाया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों की दक्षता को परखा और मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व मुम्बई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में करेगें। मुम्बई में 15 से 20 दिसंबर तक 70वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का आयोजन होगा। शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक भारत सिंह यादव, एफएसएल अधिकारी शकुंतला गवली, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, सूबेदार स्वाति कामले, उपनिरीक्षक विनोद सिंह राठौर,प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह,जयराम चौहान, धीरज नेवल, आरक्षक संदीप अहिरवार, योगेन्द्र सिंह और राजकुमार सेंधव द्वारा प्रतियोगिता का सुचारू रूप से संचालन किया।

प्रति दिन करीब 20 लीटर दूध दिया गाय ने मालिक को मिलेगा सम्मान

वृंदावन ग्राम तालोद के गौरव की गिर नस्ल की गाय राधा प्रदेश में प्रथम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन तहसील के वृंदावन ग्राम तालोद निवासी गौरव रघुवंशी की देशी गिर नस्ल की गाय राधा ने प्रदेश में दूध देने में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गाय ने प्रति दिन करीब 20 लीटर दूध देकर यह स्थान बनाया। उज्जैन जिले के 6 वृंदावन ग्रामों के साथ ही प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता में पशु पालन विभाग ने उसकी जानकारी भोपाल भेजी थी जिसमें उसके प्रदेश में प्रथम स्थान की जानकारी मिली है। गाय के मालिक रघुवंशी को 9 नवंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों एक लाख का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मिलेगा।



उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं पशु पालन डॉ. वीरेन्द्र बर्वे के अनुसार वृंदावन ग्रामों के देशी नस्ल के दुधारू पशुओं की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के 6 वृंदावन ग्रामों में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय का क्रम दूध के आधार पर निर्धारित हुआ था। राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तालोद निवासी गौरव रघुवंशी की गिर नस्ल की गाय राधा का विवरण भेजा गया था। हाल ही में प्रदेश स्तर से मिली सूचना के अनुसार इसे प्रथम स्थान मिला है। 9 नवंबर को गाय पालक भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

प्रभावी कदम - उपसंचालक श्री बर्वे के अनुसार गौरव रघुवंशी की यह उपलब्धि संदेश देती है कि यदि परंपरागत गोपालन को आधुनिक पशुपालन तकनीक, अच्छी नस्ल, उचित पोषण और शासन की प्रोत्साहन योजनाओं से जोड़ा जाए, तो पशुपालकों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

तीन समय दूध निकाला, औसत 19.760 लीटर

गाय के मालिक गौरव रघुवंशी ने बताया कि उनके पास देशी नस्ल की अन्य गाय भी हैं। करीब ढाई माह पूर्व उनके पिता अर्जुन रघुवंशी ग्रामीण पशु हाट से गिर नस्ल की गाय वर्षीय राधा (करीब 5 वर्ष)को 90 हजार में खरीद कर लाए थे। उस दौरान गाय गर्भवती थी। कुछ समय बाद ही उसने एक बछिया को जन्म दिया। यह उसकी तीसरी प्रसुति थी। सामान्य अवस्था में बछिया को दूध पिलाने के उपरांत उनके पास सुबह-शाम का मिलाकर 15-16 लीटर दूध बचता है। वे प्रतिदिन गाय को 5 किलो खली, मक्का चूरी, हरा चारा, भूसा, सूखा चारा, घर की चरनोई में 5-6 घंटे चराने हैं। गौरव बताते हैं कि वे 9 नवंबर को सम्मान एवं राशि लेने भोपाल पहुंचेंगे एवं मिलने वाली राशि से देशी नस्ल की गाय खरीद कर दूध उत्पादन को बढ़ाएंगे। उनके अनुसार प्रतियोगिता के तहत उनकी गाय राधा का तीन समय का दूध निकालकर उसके आधार पर औसत निकाला गया था।

अभिरक्षा में महिला, साथियों की तलाश में दबिश

ट्रेक्टर चलाने से रोकने पर खूनी विवाद, 1 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। खेत में ट्रेक्टर चलाने से रोकने पर शनिवार को खूनी विवाद हो गया। एक पक्ष ने खेत मालिक और उसके साथी पर हमला कर दिया। मालिक घायल हो गया, साथी की मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर महिला को अभिरक्षा में लिया। उसके साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मामला घट्टिया तहसील के ग्राम बिछडौद का है। यहां रहने वाली बंजारा समाज की महिला गीताबाई ट्रेक्टर लेकर खेत हाकने पहुंची थी। इसी दौरान वहां खेत मालिक गुलाम नबी उर्फ बाबू छीपा निवासी इंदौर अपने साथी मुजीब पिता समद मंसूरी 55 साल निवासी शाजापुर के साथ पहुंचा। उसने अपने खेत में गीताबाई को ट्रेक्टर चलाते देखा तो रोकने का प्रयास किया। जिसके चलते उनके बीच विवाद हो गया और गीताबाई ने ट्रेक्टर चालक और 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। पत्थर, दराते से हमले में गुलाम नबी और मुजीब मंसूरी घायल हो गये। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से उज्जैन रैफर कर दिया गया। दोनों को चरक



अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मुजीब मंसूरी को मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये थे। गीताबाई को अभिरक्षा में लिया गया, ट्रेक्टर चालक और अन्य साथी भाग निकले थे। जिनकी तलाश में एक टीम द्वारा उनके ठिकानों पर तलाश के लिये दबिश देने पहुंची। इधर चरक अस्पताल में मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख घायल गुलाम नबी को उपचार के लिये भर्ती किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा। मृतक का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा।

सालों से गीताबाई की निगरानी में था खेत

बताया जा रहा है कि गुलाम नबी का पैतृक गांव बिछडौद है। वह कुछ साल पहले इंदौर रहने चले गये थे। उनके खेत की निगरानी गीताबाई और उसका परिवार करता था। जानकारी सामने आई है कि गीताबाई ने खेत पर कब्जा जमा लिया था। वह कब्जा छोड़ना नहीं चाहती थी। गुलाम नबी के और उसके साथी मुजीब मंसूरी के पहुंचने पर विवाद बढ़ गया था। फिलहाल पुलिस विवेचना की बात कहीं रही है। जिसके पूरी होने पर विवाद का सही कारण सामने आ पायेगा।

अचानक बिछड़ौद पहुंचे थे दोनों दोस्त

घायल गुलाम नबी उर्फ बाबू छीपा ने बताया कि वह शाजापुर अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने गया था। जहां दोस्त मुजीब मंसूरी मिला। दोनों उज्जैन के लिये आ रहे थे, इस दौरान तराना होते हुये अपने गांव बिछड़ौद स्थित खेत पहुंचे, जहां खेत में ट्रेक्टर चलता देखा तो उसे रोकने का प्रयास किया था। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। जिसमें दोस्त की जान चली गई।

खेत जाने के लिये निकले ग्रामीण को वाहन ने कुचला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात में मामा के खेत पर पानी फेरे पैदल जा रहे भांजे को पीछे से तेजगति में आये वाहन ने कुचल दिया। गंभीर घायल भांजे को परिवार उपचार के लिये उज्जैन लेकर आया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है और वाहन का पता लगाया जा रहा है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में रहने वाला अम्बाराम पिता गुलाबसिंह भाटी 45 साल रात में घर से अपने मामा के खेत पर पानी फेरने के लिये पैदल निकला था। घर से कुछ दूरी पर जाने के बाद पीछे से तेजगति में अज्ञात वाहन आया और उसे कुचल गया। परिवार को गांव के लोगों ने दुर्घटना की सूचना दी। पुत्र युवराज पिता अम्बाराम को लोगों की मदद से उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आया। लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन का पता नहीं चल पाया है। जिसकी तलाश के लिये आसपास लगे कैमरों फुटेज देखे जायेगें। संभवतः टक्कर मारने के बाद वाहन उन्हेल की ओर गया है।

घायल की उपचार के दौरान मौत- नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में 27 अक्टूबर को हुई 2 बाइक में हुई भिड़ंत के दौरान एक बाइक पर सवार विजेन्द्र पिता प्रभुसिंह चावड़ा 35 साल निवासी ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश गंभीर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से बाइक चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com